राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# स्टेटमेन्ट टुडे

RNI No: UPHIN/2016/67528 StatementToday @statement_today

वर्ष 9 अंक 21 लखनऊ, सोमवार 29 सितम्बर से 05 अक्टूबर 2025 पृष्ठ 12 मूल्यः 2.00 रुपये

उप्र की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित एवं लखनऊ, गोरखपुर, बुन्देलखण्ड, पटना, सीवान, गोपालगंज, दिल्ली से प्रसारित

फिल्म का हर हिस्सा सपने से कम नहीं 3

वेस्टइंडीज सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान 6

हम टेक्नोलॉजी में दुनिया को लीड कर 9

# अभिनेता विजय की रैली में भगदड़

## 30 से अधिक मौतें; देशभर में पसरा मातम

**करूर।** तमिलनाडु में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के नेता विजय पूरे राज्य में रैली कर रहे हैं। करूर में विजय की रैली में भारी भीड़ उमड़ी। रैली में भगदड़ मचने के चलते कई कार्यकर्ता बेहोश हो गए। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई है। तमिलनाडु के करूर में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली में भगदड़ मच गई। रैली में भगदड़ से 36 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में आठ बच्चे, 16 महिलाएं शामिल हैं। करूर के अस्पतालों में अफरातफरी मच गई है। पुलिस ने रैली में पहुंची भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया। मंत्री, शीर्ष अधिकारी, पुलिस अधिकारी करूर पहुंच गए हैं। सीएम एमके स्टालिन ने घटना को लेकर चिंता जाहिर की है। इससे पहले तमिलनाडु के पूर्व मंत्री और डीएमके नेता वी सेंथिल बालाजी करूर के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब तक भगदड़ में 31 लोगों की मौत हो चुकी है और 58 लोगों को भर्ती कराया गया है। भगदड़ की घटना के बाद सीएम ने तुरंत पूछताछ की और जिला कलेक्टर, एसपी और मुझे अस्पताल पहुंचने का आदेश दिया। हमें अतिरिक्त डॉक्टरों को बुलाने और उचित इलाज करने की सलाह दी। कल मुख्यमंत्री खुद यहां आने वाले हैं। अभी तक 46 लोग निजी अस्पताल में हैं, और 12 लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती हैं। करूर में रैली के दौरान टीवीके अध्यक्ष के प्रचार वाहन को भारी भीड़ के चलते रोक दिया गया। हालात बेकाबू होते देख विजय को कुछ समय के लिए अपना भाषण रोकना पड़ा। उन्होंने कहा कि पुलिस कृपया मदद करे। भगदड़ के कारण कुछ कार्यकर्ता बेहोश हो गए। दो एंबुलेंस पार्टी कार्यकर्ताओं को लेकर गईं। इस बीच रैली में विजय ने कार्यकर्ताओं को पानी की बोतलें दीं। इसके बाद हालात बिगड़ते गए। अस्पतालों में पहुंचे कई बेहोश लोगों की मौत हो गई। सूचना पर अस्पताल पहुंचे बेहोश लोगों के परिजन फूट-फूटकर रोने लगे।




## डम्पर की चपेट में आने से चार युवकों की मौत

**अलवर,( एजेंसी )।** राजस्थान में अलवर जिले के थानागाजी उपखंड के प्रतापगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार को डम्पर की चपेट में आने से मोटर साइकिल पर सवार चार युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि समीपवरी मेजोड़ गांव के बाबूलाल, मोहित, नरसी और अशोक मोटर साइकिल से सुबह आठ बजे मजदूरी पर जा रहे थे। तभी कबराला की ढाणी के समीप पत्थरों से भरे एक डंपर ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इससे चारों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद डम्पर चालक मौके से फ़रार हो गया। इस घटना के बाद आस पास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गये और उन्होंने रास्ता अवरुद्ध करके आवागमन रोक दिया। सूचना के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया। ग्रामीण डंपरों के खिलाफकार्रवाई करने और मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन कार्य बंद होने बावजूद ये डंपर अवैध खनन से जुड़े हुये हैं।

## प्रियंका की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया


**नयी दिल्ली,( एजेंसी )।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तराखंड में पेपर लीक की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए हैरानी जताई कि बच्चे 15 -15 घंटे तैयारी परीक्षा दे रहे हैं और सरकार में बैठे लोग 15 लाख रुपये लेकर पर्चे लीक करवा रहे है। श्रीमती वाड्रा ने एक अभ्यर्थी की पीड़ा को उधदृत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर



लिखा ष्हम लाइब्रेरी में 15-15 घंटे पढ़ रहे हैं, ये 15-15 लाख में पेपर बेच रहे हैंष् उन्होंने कहा कि यहां सवाल सिर्फएक उम्मीदवार की पीड़ा का नहीं, उत्तराखंड समेत देश के ज्यादातर युवाओं का यही दर्द है। आज बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत जहां भी भाजपा सरकार में है, वहां बड़े पैमाने पर पेपर लीक करवाये जा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है और प्रधानमंत्री जी मूकदर्शक बने हुए हैं। गौरतलब है कि हाल में ही उत्तराखंड में कनिष्ठ पदों के लिए भर्ती की एक परीक्षा के पेपर लीक होने के बाद सरकारी बाबू का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें नौकरी देने के लिए वह 15 लाख रुपए की मांग कर रहा है।

# फलस्तीन को लेकर सरकार की चुप्पी मानवता के खिलाफ: सोनिया गांधी

**नईदिल्ली,( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने फ्लस्तीन मुद्दे पर मोदी सरकार की चुप्पी को मानवता और नैतिकता से पीछे हटना बताया है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश को नेतृत्व दिखाना चाहिए, लेकिन सरकार निजी रिश्तों के चलते विदेश नीति चला रही है। उन्होंने याद दिलाया कि भारत ने 1988 में फ्लस्तीन को मान्यता दी थी और हमेशा न्याय के पक्ष में खड़ा रहा है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक बार फिर फ्लस्तीन मुद्दे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मोदी सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत जैसे देश को इस मसले पर नेतृत्व दिखाना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार की इस मामले में प्रतिक्रिया गहरी चुप्पी और मानवता व नैतिकता से पीछे हटने जैसी रही है। सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार का रुख भारत के संवैधानिक मूल्यों या रणनीतिक हितों पर नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की निजी दोस्ती पर आधारित है।




# खरगे बोले- बीजेपी नीतीश कुमार को बोझ मानती है, पायलट बोले- कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ेगी

**पटना,( एजेंसी )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को पटना स्थित ऐतिहासिक सदाकत आश्रम में आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भारत आज एक गंभीर और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है, जिसकी जिम्मेदार केंद्र की विफल कूटनीति, लोकतंत्र पर हमले और आर्थिक नीतियों की नाकामी है। श्री खरगे ने कहा कि, 'हम बिहार से, लोकतंत्र की जननी से, यह संकल्प दोहराते हैं कि हम संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करेंगे।' उन्होंने बताया कि 85 साल पहले रामगढ़ में संविधान सभा का पहला प्रस्ताव पारित हुआ था और आज जब वोटर लिस्ट में हेराफेरी हो रही है तो बिहार से लोकतंत्र की नई लड़ाई शुरू की जायेगी। राहुल गांधी की श्वोटर अधिकार यात्राश् का हवाला देते हुये खरगे ने आरोप लगाया कि देशभर में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के वोट जानबूझकर काटे जा रहे हैं।



## हमको छुआ और अश्लील मैसेज भेजे... कॉलेज की छात्राओं ने जज के सामने सुनाई कहानी

**नई दिल्ली,( एजेंसी )।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में स्थित एक प्रसिद्ध आश्रम के चौतन्यानंद उर्फपार्थ सारथी नाम के संचालक पर करीब 17 छात्राओं से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। छात्राओं की शिकायत पर वसंतकुंज(नार्थ) थाना पुलिस ने मामला दर्जकर लिया है। आरोपी फ़रार है। वेब सीरीज श्आश्रमश् की तरह देश की राजधानी दिल्ली में भी आश्रम कांड सामने आया है।




दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में स्थित एक प्रसिद्ध आश्रम के संचालक पर छात्राओं से गंदा काम करने का आरोप लगा है। आरोप है कि आश्रम के संचालक स्वामी चौतन्यानंद उर्फपार्थ सारथी ने ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति से पीजीडीएम कोर्स कर रही छात्रों से अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इसके साथ ही व्हाट्सएप और एसएमएस के जरिए अश्लील संदेश भेजे।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही होगा- पीएम मोदी

**ग्रेटर नोएडा,( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। ग्रेटर नोएडा में हो रहे इस ट्रेड शो में प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच मिलेगा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज से आगाज हो गया है। ग्रेटर नोएडा में हो रहे इस ट्रेड शो में प्रदेश के उद्यमियों को वैश्विक मंच मिलेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज उद्घाटन किया। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। सीएम योगी और सरकार के सभी सहयोगियों को बधाईरू पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी-2०25 (न्च्र्इै-2०25) में कहा, ष्आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। उन्होंने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया। अंत्योदय का अर्थ है, सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान, सबसे गरीब व्यक्ति तक विकास पहुंचना, सभी भेदभाव समाप्त हो, यही अंत्योदय है, और अंत्योदय में ही सामाजिक न्याय को बल मिलता है। आज भारत विकास के इसी मॉडल को दुनिया को दे रहा है। मुझे खुशी है कि 2,2०० से ज्यादा प्रदर्शक यहां अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस व्यापार मेले का कंट्री पार्टनर रूस है, यानी इस व्यापार मेले में हम एक समय-परीक्षित साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार के सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं।श गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिएरू पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा, श्आज सरकार मेक इन इंडिया, मैन्युफैक्चरिंग पर इतना जोर दे रही है। हम चिप से लेकर जहाज तक, सब कुछ भारत में बनाना चाहते हैं, इसलिए हम आपके व्यापार में आसानी के लिए काम कर रहे हैं। सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है, लेकिन सरकार की कुछ अपेक्षाएं भी हैं कि आप जो भी निर्माण कर रहे हैं, वह सर्वोत्तम गुणवत्ता का हो। आज देशवासियों के मन में ये बात है कि स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हो, इसलिए गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।श भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही होगा- पीएम मोदी पीएम ने कहा, श्आज पूरे भारत में जितने मोबाइल फोन बनते हैं, उसमें से 55: मोबाइल उत्तर प्रदेश में बनते हैं। यूपी अब सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूती देगा। यहां से कुछ किलोमीटर दूर ही एक बड़ी सेमीकंडक्टर फैसिलिटी पर काम शुरू होने वाला है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना ही होगा। हर वो उत्पाद जो हम भारत में बना सकते हैं, वो हमें भारत में बनाना है।श पुर्जे-पुर्जे पर मेड इन इंडिया की छाप होरू पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा, श्हमारी सेनाएं स्वदेशी चाहती हैं और दूसरों पर निर्भरता को कम करना चाहती हैं।



> "कोई नहीं भूल सकता कि कांग्रेस सरकार ने आपका मासिक बजट कैसे बढ़ाया था... वे बच्चों की टॉफियों पर भी 21% टैक्स लगाते थे। अगर मोदी ने ऐसा किया होता, तो वे बाल नोच लेते"
>
> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



| | |
|---|---|
| केसीसी कॉलेज 200 वाहन | कलाधाम सोसाइटी 400 वाहन |
| यूनाइटेड कॉलेज 150 वाहन | स्टेलर जिमखाना 40 वाहन |
| जुबलिएन्ट रिसर्च सेंटर 125 वाहन | इन्वोवेटिव कॉलेज 100 वाहन |
| आईटीएस कॉलेज 80 वाहन | नियर यूनाइटेड कॉलेज 250 वाहन |
| ट्रीनिटी कॉलेज 150 वाहन | योगी गोलचक्कर से कौशल्या चौक तक 400-500 वाहन |

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किये बांके बिहारी के दर्शन

**लखनऊ,( एजेंसी )।** महाराजा एक्सप्रेस से गुरुवार सुबह मथुरा के वृंदावन पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह निधिवन पहुंचीं। यहां वृक्षों की पूजा की। इस बीच उनके दौरे को लेकर स्थानीय पुलिस पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद और सतर्क है। राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार सुबह 8 बजे दिल्ली से रवाना हुईं थीं । करीब डेढ़ घंटे बाद यानी 1० बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंचीं। ट्रेन के 18 में से 12 कोच राष्ट्रपति और उनके स्टाफके लिए रिजर्व रखे गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल हैं। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने शहरभर में प्रतिबंधित मार्गों पर दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक दुकानों को बंद रखने की अपील की है। 12वीं तक के स्कूल-कॉलेज भी बंद रखा गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मुर्मू 7 घंटे मथुरा-वृंदावन में रुकेंगी। इस दौरान वह कई धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए जाएंगी। द्रौपदी मुर्मू श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किए थे।

## रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफ्ल प्रक्षेपण

**नयी दिल्ली,( एजेंसी )।** भारत ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफ्ल प्रक्षेपण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला प्रक्षेपण बिना किसी अतिरिक्त प्रणाली के रेल नेटवर्क पर कार्य करने की क्षमता रखता है। इससे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपण की सुविधा मिलती है। श्री सिंह ने मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल के सफ्ल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन , सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है । उन्होंने कहा कि इस सफ्ल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास चलते-फ्रिते रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है।

## मेक इन इंडिया अभियान भारत के विनिर्माण क्षेत्र का पुनरोत्थान: पीयूष गोयल

**नयी दिल्ली,( एजेंसी )।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने श्मेक इन इंडियाश् अभियान को भारत के विनिर्माण क्षेत्र का पुनरोत्थान बताते हुए कहा है कि भविष्य में भारत इस क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करेगा। श्री गोयल ने गुरूवार को मेक इन इंडिया अभियान के 11 साल पूरा होने पर सोशल मीडिया प्लेटफर्म एक पर एक पोस्ट में कहा,ष् अब तक, मेक इन इंडिया की कहानी पुनरुत्थान की कहानी है। आने वाले दशक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के माध्यम से वैश्विक नेतृत्व की कहानी लिखेंगे।

## तो सुनियोजित थी लद्दाख को अशांत करने की साजिश, कौन थे वो जो नहीं चाहते हल शांतिपूर्ण निकले

**जम्मू,( एजेंसी )।** लद्दाख में छठी अनुसूची को लेकर आंदोलन हिंसक हो गया। आगजनी और गोलीबारी में चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। 8० घायल हो गए हैं। कर्फ्यू लगा दिया गया है। तोड़फोड़ और पथराव के बीच प्रदर्शनकारियों ने भाजपा प्रदेश कार्यालय भी फूंक दिया। इसके अलावा कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। कांग्रेस काउंसलर पर एफआईआर दर्ज की गई है। छठी अनुसूची में शामिल करने और राज्य दर्जे के लिए चल रहे आंदोलन में हिंसा अचानक नहीं भड़की बल्कि यह लद्दाख जैसे शांत क्षेत्र को अस्थिर करने की सुनियोजित साजिश थी। स्थानीय लोगों को इसमें बाहरी तत्वों का हाथ होने की भी आशंका है। स्थानीय लोगों के अनुसार लद्दाख जैसे संवेदनशील प्रदेश में इससे पहले इस तरह की स्थिति कभी देखने को नहीं मिली। वर्ष 2०19 में एकीकृत जम्मू-कश्मीर राज्य से अलग होकर केंद्र शासित प्रदेश बन जाने के बाद से ही लद्दाख के निवासी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। इनमें स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरियां और रोजगार भी एक बड़ा मुद्दा है। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से इस साल मई में डोमिसाइल नीति लाकर उनके रोजगार संबंधी मसले को हल करने का प्रयास किया गया था लेकिन लोग अलग लद्दाख लोक सेवा आयोग और लद्दाख कर्मचारी चयन आयोग की मांग कर रहे हैं। वे लद्दाखी डोमिसाइल नीति से भी संतुष्ट नहीं थे। उनका कहना था कि इसे उस रूप में नहीं दिया गया जैसा वे चाहते थे। भाषा और संस्कृति के संरक्षण के साथ ही अपनी जमीन और संसाधनों




पर अपने हक की लड़ाई वे प्रमुखता से लड़ रहे थे। कुछ ही समय पहले इस आंदोलन की बागडोर प्रख्यात पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ने अपने हाथ में ली थी और वे लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाए जाने व संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे थे। बुधवार को भी सब कुछ शांतिपूर्ण चल रहा था लेकिन इसी बीच अचानक कुछ युवाओं ने आकर इस शांतिपूर्ण आंदोलन में खलल डाल दिया। खलल इसलिए क्योंकि लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक मोर्चा (केडीए) के नुमाइंदों की केंद्रीय गृह मंत्रालय से छह अक्तूबर को बैठक तय हो चुकी थी। सोनम वांगचुक के इस बैठक को तय तिथि से पहले किए जाने के अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने सकारात्मक रुख दिखाया था। लद्दाख के प्रतिनिधियों को 25 सितंबर को दिल्ली आने का न्योता दिया था। ऐसे में वे कौन लोग थे जो नहीं चाहते हैं कि लद्दाख अपनी मांगों के शांतिपूर्ण हल के रास्ते पर आगे बढ़े। लेह निवासी ताशी के अनुसार, स्थानीय युवा शांति के साथ धरना दे रहा था। निश्चित रूप से यह कुछ ऐसे लोगों ने किया जो ऐसा नहीं चाहते थे। सोनम बोले-अभी कोई बयान मत देना... तभी बवाल हो गया गृह मंत्रालय के साथ हाई पावर कमेटी की बैठक की नई तारीख तय करने के लिए लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के सदस्यों को दिल्ली बुलाया गया था। लद्दाख बुद्धिस्ट एसोसिएशन के कार्यालय में सोनम वांगचुक इसी बैठक की रणनीति तय कर रहे थे। उन्होंने बाहर आकर एलएबी यूथ विंग के अध्यक्ष पी. स्टेंजिन से कहा था कि अभी कोई बयान मत देना। कुछ देर बाद बवाल हो गया। सोनम गृह मंत्रालय द्वारा हाई पावर कमेटी यानी एचपीसी की बैठक 6 अक्तूबर को बुलाए जाने को लेकर संतुष्ट नहीं थे। उनका कहना था कि 6 की जगह बैठक को जल्द बुलाया जा सकता है। देरी से बैठक करने पर भूख हड़ताल का वक्त बढ़ेगा। बताया जाता है कि गृह मंत्रालय की ओर से उनकी इस बात को मान लिया गया था और उन्हें नई तारीख तय करने के लिए दिल्ली बुलाया गया था।




अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म श्जॉली एलएलबी 3श् को लेकर चर्चा में हैं. जो बीते दिन यानि 19 सितंबर को थिएटर्स में दस्तक दे चुकी है. लेकिन यहां हम आपके लिए अक्षय नशे की हालत में क्या करते हैं इसका एक फनी किस्सा लेकर आए हैं. जिसे सुनकर आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे. इसका खुलासा एक्टर ने अपने हालिया इंटरव्यू में किया है. जानिए वो क्या बोले... नशे की हालत में क्या करते हैं अक्षय कुमार? दरअसल हाल ही में अक्षय कुमार रजत शर्मा के शो 'आप की अदालत' में पहुंचे थे. जहां उनसे पूछा गया कि हमने सुना है कि आप सिर्फ एक गिलास वाइन पीकर ही आउट हो जाते हैं. तो एक्टर ने कहा कि, 'हां एक बार मैंने थोड़ी सी वाइन पी ली थी. तो मैं अपनी औकात पर आ गया. मैं सीधा किचन में गया और वहां खाना बनाना लगा.' अक्षय की ये बात सुनकर हर कोई हंसी से लोटपोट हो जाता है. क्यों पार्टियों का हिस्सा नहीं बनते अक्षय? इसी दौरान जब अक्षय से पूछा गया कि आप किसी पार्टी में नहीं जाते, कोई दोस्त भी नहीं बनाते, तो ऐसा क्यों है. इसपर एक्टर कहते हैं, 'मुझे ये सब पसंद नहीं है..मुझे इसमें बोरियत होती है और जो रात में जागता है वो उल्लू होता है..' बता दें कि अक्षय फिटनेस फ्रीक हैं. जो रात में 9 बजे सो जाते हैं और सुबह 4 बजे उठकर अपनी एक्सरसाइज करते हैं. ये उनका फिटनेस रूटीन है. इस फिल्म में नजर आए एक्टर बता दें कि अक्षय कुमार की हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में नजर आ रहे हैं. इसमें उनके साथ इस बार असली जॉली यानि अरशद वारसी भी हैं. इनके अलावा फिल्म में हुमा कुरैशी और अमृता राव का भी अहम किरदार है. सौरभ शुक्ला एक बार फिर फिल्म में में जज का रोल निभा रहे हैं.

# फिल्म का हर हिस्सा सपने से कम नहीं

# जान्हवी कपूर



जान्हवी कपूर ने आज अपनी फिल्म श्होमबाउंडश् के ऑस्कर अवॉर्ड्स में भारत की ओर से नामांकित होने पर खुशी जताई है। जान्हवी ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा अभिनीत फिल्म श्होमबाउंडश् साल 2026 में ऑस्कर अवॉर्ड्स में नामांकित हो चुकी है। फिल्म को ऑस्कर 2026 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटेगरी के लिए सेलेक्ट किया गया है। इसी खुशी में जान्हवी कपूर ने फिल्म को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। जान्हवी कपूर का पोस्ट जान्हवी कपूर ने फिल्म श्होमबाउंडश् को एक पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, श्यह फिल्म एक सपने जैसी रही है। इसकी कहानी, लोग, और हमारी टीम के हर सदस्य के लिए इसका खास महत्व रहा है। इस सफर का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत बड़ा इनाम है। शुरू से अब तक, यह फिल्म उन सभी लोगों का उत्सव है जिनकी प्रतिभा, अच्छाई और साहस को मैं बहुत प्यार और सम्मान करता हूं। यह फिल्म और इसका सफर उम्मीद की कहानी है। 26 सितंबर को सिनेमाघरों में !श् सेलेब्स का पोस्ट मनीष मल्होत्रा और जोया अख्तर ने जान्हवी कपूर की इस पोस्ट पर लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। नितांशी गोयल ने लिखा, श्बधाई होश, शनाया कपूर ने लिखा, श्हे भगवानश, एक्टर संजय कपूर ने लिखा, श्शानदार।श् फिल्म श्होमबाउंडश् के बारे में इस फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म श्होमबाउंडश् विदेशों में आयोजित हुए कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में प्रदर्शित हो चुकी है। भारत में श्होमबाउंडश् 26 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। श्होमबाउंडश् एक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन नीरज घायवान ने किया है। यह फिल्म बशारत पीर के 2020 के न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख पर आधारित हैहिंदी फिल्म श्होमबाउंडश् को 2026 के अकैडमी अवॉर्ड्स में भारत की ओर से ऑफिशियल एंट्री मिली है । इस फिल्म को बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटिगरी में रखी गई है। इस फिल्म नें लीड रोल में जान्हवी कपूर, इशान खट्टर और विशाल जेठवा जैसे कलाकार हैं। ये अनाउंसमेंट शुक्रवार, 19 सितंबर को एन चंद्रा ने कोलकाता में की। कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चंद्रा ने कहा कि अलग-अलग भाषाओं की कुल 24 फिल्में ऑस्कर में देश को रिप्रेजेंट करने की दौड़ में थीं। पीटीआई की एक रिपोर्ट में उन्होंने कहा, श्ये एक बहुत ही मुश्किल चॉइस थी। ये ऐसी पिल्में थीं जिन्होंने लोगों के जीवन को छुआ।श् उन्होंने कहा, श्हम जज नहीं बल्कि कोच थे। हम ऐसे खिलाड़ियों की तलाश कर रहे थे जिन्होंने अपनी छाप छोड़ी हो।श् 12 सदस्यों की सिलेक्शन टीम कमिटी में प्रड्यूसर, डायरेक्टर, राइटर, एडिटर और जर्नलिस्ट शामिल थे। क्या है फिल्म की कहानी यह फिल्म श्होमबाउंडश् उत्तर भारत के एक छोटे से गांव के दो बचपन के दोस्तों की कहानी है, जो पुलिस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं और उम्मीद करते हैं कि यह नौकरी उन्हें वो सम्मान दिलाएगी जो उन्हें कभी नहीं मिला। हालांकि, जैसे-जैसे वे अपने लक्ष्य के करीब पहुंचते हैं, दबाव और स्ट्रगल उनकी दोस्ती में मुश्किलें पैदा करते हैं। टोरंटो फिल्म महोत्सव में सफलता ये अनाउंसमेंट टोरंटो फिल्म फेस्टिवल के 50वें एडिशन में फिल्म को मिले शानदार प्रतिक्रिया के बाद आया है। ज्थ्थ् पीपल्स चॉइस इंटरनेशनल अवार्ड में ये फिल्म दूसरी रनर-अप रही। इसे कोरियाई फिल्म श्नो अदर चॉइसश् और श्सेंटिमेंटल वैल्यूश् से हार मिली जिसने पहला रनर-अप जीता। फिल्म को लेकर नीरज बोले निदेशक नीरज घायवान ने इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, श्यह उन लोगों के बारे में है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है और उस शांत शक्ति के बारे में है जो एक ऐसी दुनिया में रहती है जो शायद ही कभी उनके लिए रुकती है।श् उन्होंने कहा, श्और उम्मीद है कि यह फिल्म हमें सहानुभूति के साथ यह देखने में मदद करेगी कि हमें क्या अनदेखा करने के लिए तैयार किया गया है।श् मार्टिन स्कॉर्सेसे ने श्होमबाउंडश् की तारीफकी तारीफकी थी फेमस अमेरिकी फिल्ममेकर मार्टिन स्कॉर्सेसे ने श्होमबाउंडश् की तारीफ की। फिल्म की टीम द्वारा शेयर किए गए एक ऑफिशियल नोट में, मार्टिन ने इस साल की शुरुआत में कान 2025 में इसकी स्क्रीनिंग से पहले श्होमबाउंडश् की तारीफकी थी। उन्होंने कहा था, श्मैंने 2015 में नीरज की पहली फिल्म मसान देखी थी और मुझे वह बहुत पसंद आई थी, इसलिए जब मेलिटा टोस्कन डू प्लांटियर (एक फ्रांसीसी निर्माता) ने मुझे अपनी दूसरी फिल्म का प्रोजेक्ट भेजा तो मैं उत्सुक हो गया। मुझे कहानी पसंद आई और मैं मदद करने को तैयार था। नीरज ने एक खूबसूरती से गढ़ी गई फिल्म बनाई है जो भारतीय सिनेमा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। मुझे खुशी है कि इस साल कान में अन सर्टेन रिगार्ड के लिए फिल्म को ऑफिशियली चुना गया है।श् इस फिल्म के लिए कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में 9 मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाई गईं। करण जौहर ने आभार जताया करण जौहर ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में आभार जताया और लिखा, श्जब ये लोगों की पसंद हो तो यह हमेशा खास होता है... होमबाउंड, हमारी फिल्म एक ऐसी कहानी है जिस पर हम सभी को गर्व है और इसे दुनिया भर में, भाषा या किसी भी बंधन से पार, प्यार, स्वीकृति और सराहना मिलते देखना कमाल है! हमें ये मंच देने के लिए /जfपित्रद्धमज का बहुत-बहुत धन्यवाद।श् करण जौहर ने नीरज को कहा शुक्रिया इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार विनर फिल्म मेकर नीरज घायवान को श्होमबाउंडश् का हिस्सा बनने का परमिशन देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा, श्पूरी टीम को बधाई - यह तो बस शुरुआत है। /दममतंर.हींलूंद, हमें अपने प्यार भरे मेहनत का हिस्सा बनने की अनुमति देने के लिए धन्यवाद।

# संपादकीय........

## लेह में हिंसा की तपिश

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीते पंद्रह दिनों से अनशन पर थे। इन्हीं मुद्दों के समर्थन में यह आंदोलन चल रहा था। हालांकि, हिंसा के बाद उन्होंने अपना अनशन त्याग दिया है। उन्होंने आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। समाचार माध्यमों में कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से केंद्रशासित प्रदेश में लद्दाख को पूर्ण राज्य देने की मांग को लेकर समय-समय पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। बताया जाता है कि पिछले पैंतीस दिनों से कुछ लोग अनशन कर रहे थे। परसों उनमें से दो लोगों की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद लोगों में आक्रोश बढ़ा। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी माह में एक वार्ता का दौर निर्धारित था,लेकिन आंदोलनकारी इससे पहले ही इस दिशा में पहल की मांग करते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों के नेता लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद लोगों की आकांक्षा पूर्ण न होने पर उपजे आक्रोश को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी नेताओं द्वारा सवाल उठाये जा रहे हैं कि 2०19 में केंद्र शासित प्रदेश बनने पर जश्न मनाने वाले लद्दाख के लोगों में आज आक्रोश क्यों पनप रहा है? वे इस अभिव्यक्ति के आलोक में जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को फिर वापस लौटने की भी मांग कर रहे हैं। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि लेह के आंदोलनकारी कई सालों से भूमि संरक्षण व संस्कृति की रक्षा के लिये इस केंद्रशासित प्रदेश को संविधान की छठी अनुसूची का कवच देने तथा पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना था कि केंद्र शासित प्रदेश बनने से क्षेत्र के लोगों की आंकाक्षा पूरी नहीं हुई। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है। वहीं लद्दाख की अस्मिता को संरक्षित करने के लिये छठी अनुसूची की मांग लंबे समय से की जाती रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने वर्ष 2०19 के घोषणापत्र में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने का वायदा किया था। लेकिन अब इस पर आनाकानी की जा रही है। आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है।

# राष्ट्रीय नीतियां और जनसंख्या का अतिरेक, विकास की धीमी गति

**संजीव ठाकुर**

जनसंख्या किसी भी राष्ट्र का आधार होती है। यह न केवल समाज के ढाँचे को आकार देती है बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास को भी दिशा देती है।संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2०23 में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। यह स्थिति भारत के लिए दोहरी चुनौती है। एक ओर हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी श्रमशक्ति और विशाल उपभोक वर्ग है। दूसरी ओर, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की कमी हमें इस जनसंख्या लाभांश (डेमोग्राफिक्र डिविडेंड) को बोझ में बदलने की ओर धकेल सकती है।इतिहास साक्षी है कि जब भी किसी राष्ट्र ने अपनी जनसंख्या सही दिशा  दिखाई है तो उसे राष्ट्र ने विकास की धारा को अपना कर एक विकसित राष्ट्र बनाया है । लेकिन जब यही जनसंख्या अनियंत्रित हो गई, तो वह गरीबी, बेरोजगारी और नियत संसाधनों के ह्रास का कारण बन कर देश को अन्य देशों की तुलना में काफी पीछे ढ़केल दिया है। भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनसंख्या का प्रश्न केवल आँकड़ों का ही नहीं बल्कि विकास के पैमाने का भी है। देश की 65: जनसंख्या युवा जनसंख्या है यह स्थिति भारत को दुनिया की सबसे बड़ी श्रमशक्ति प्रदान करती है। यदि इन्हें सही शिक्षा और प्रशिक्षण मिले तो यह जनसंख्या भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने में सहायक हो सकती है। अधिक जनसंख्या का मतलब बडी उपभोक्ता शक्ति और संभावनाएं। यही कारण है कि वैश्विक उपभोक्ता कंपनियाँ भारत को अपनी सामग्री बेचने का सबसे बड़ा बाजार मानती हैं। विशाल जनसंख्या के कारण यहाँ वस्तुओं और सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे उद्योग-धंधों को लगातार निरंतर प्रोत्साहन मिलता है। अधिक लोग, अधिक विचारधारा, बड़ी आबादी के बीच से नई सोच, तकनीकी आविष्कार और सृजनशीलता के अवसर बढ़ते हैं। भारतीय युवाओं की प्रतिभा ने आईटी, स्टार्टअप और वैज्ञानिक अनुसंधान में विश्व पटल पर भारत की साख मजबूत की है। विविध जनसंख्या भारत की सांस्कृतिक शक्ति है। अलग-अलग भाषाएँ, परंपराएँ और जीवनशैली समाज को गतिशील और समृद्ध बनाती हैं। यही विविधता भारत को विश्व मंच पर 卐बहुलता में एकता卐 का संदेश देने योग्य बनाती है। भारत की सबसे बड़ी और गंभीर समस्या यह है कि हर  साल।लाखों युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं, परंतु उनके लिए पर्याप्त रोजगार के संसाधन  उपलब्ध नहीं होते हैं परिणामस्वरूप बड़ी आबादी बेरोजगार रह जाती है या असंगठित क्षेत्र में कम आय पर काम करती है। बेरोजगारी तथा अत्यधिक जनसंख्या का सीधा असर परिवार की आय पर पड़ता है। बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिताने को विवश हैं। यही गरीबी अशिक्षा और कुपोषण को जन्म देती है, जिससे विकास का चक्र धीमा पड़ जाता है। भूमि, जल, ऊर्जा और खनिज जैसे प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं। लेकिन बढ़ती जनसंख्या इनके अति-दोहन का कारण बनती है। जल संकट, भूमि क्षरण और ऊर्जा की कमी जैसी समस्याएँ तेजी से सामने आ रही हैं बढ़ती जनसंख्या का बड़ा हिस्सा रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करता है। इससे महानगरों में झुग्गी-झोपड़ियाँ बढ़ती हैं, यातायात और प्रदूषण की समस्या गहराती है तथा जीवन स्तर गिरता है। जनसंख्या वृद्धि का सबसे बड़ा दुष्परिणाम पर्यावरण पर पड़ता है। प्रदूषण, वनों की कटाई, कचरे का बढ़ता ढेर और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन ये सभी अनियंत्रित आबादी के प्रत्यक्ष नतीजे हैं। जब जनसंख्या का बड़ा हिस्सा बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रह जाता है तो समाज में असंतोष, तनाव और अपराध बढ़ने लगते हैं। यही स्थिति सामाजिक असमानता और असुरक्षा को जन्म देती है।चीन ने जनसंख्या नियंत्रण में 卐वन चाइल्ड पॉलिसी卐 जैसी कठोर नीतियों का सहारा लिया, जबकि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के चलते जागरूकता और परिवार नियोजन पर जोर दिया गया है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों और अशिक्षित वर्गों में अभी भी जागरूकता का स्तर कम सरकारी कार्यक्रमों और जनसंचार माध्यमों के जरिए छोटे परिवार के लाभ समझाना आवश्यक है। गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार बढ़ाना होगा। शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। खासकर महिला शिक्षा जनसंख्या नियंत्रण में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। शिक्षित महिला न केवल स्वयं जागरूक होती है बल्कि पूरे परिवार को बेहतर दिशा देती है। युवा शक्ति को सही दिशा तभी मिल सकती है जब उन्हें काम मिले। सरकार को कौशल विकास योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देना होगा। स्टार्टअप और लघु उद्योग इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शहरों पर बोझ कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत सुविधाओं का विकास आवश्यक है। इससे पलायन रुकेगा और संतुलित विकास होगा। जनसंख्या को उत्पादक संसाधन बनाने के लिए स्वास्थ्य सुविधाएँ सुलभ और किफायती बनानी होंगी। कुपोषण और मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने पर विशेष ध्यान देना होगा। भारत के लिए जनसंख्या एक दोधारी तलवार है। यदि इसे सही दिशा, शिक्षा और रोजगार मिले तो यही जनसंख्या हमें विश्व शक्ति बनाने का सबसे बड़ा आधार बन सकती है। लेकिन यदि यह अनियंत्रित और अशिक्षित रही तो यही जनसंख्या गरीबी, बेरोजगारी और अशांति का सबसे बड़ा कारण भी बन सकती है।अत: आवश्यकता है कि हम इसे केवल बोझ न मानें, बल्कि अवसर के रूप में देखें और नियंत्रण, शिक्षा और विकास के माध्यम से इसे राष्ट्र की शक्ति में परिवर्तित करें।

# लद्दाख की शांति भंग, कसूरवार कौन?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की नाकामी का एक और बड़ा उदाहरण बुधवार को लद्दाख से सामने आया। जहां नाराज छात्रों ने भाजपा कार्यालय को ही आग लगा दी। लद्दाख के हालात नेपाल जैसे तो नहीं हैं, लेकिन नौजवानों का गुस्सा जिस तरह फूटा है, वह साधारण बात नहीं है। न ही इसे हल्के में लिया जाना चाहिए। कायदे से तो वादाखिलाफी करने पर नैतिक आधार पर नरेन्द्र मोदी और अमित शाह दोनों को इस्तीफा देना चाहिए। लेकिन जब इन लोगों ने ढाई सालों से अशांत मणिपुर के मामले में इस्तीफा नहीं दिया, पुलवामा, पहलगाम पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी नहीं ली, तो अब इनसे किसी भी नैतिक पहल की उम्मीद बेकार ही है। फिर भी सत्ता की बागडोर अपने हाथों में रखकर सबसे शक्तिशाली बने इन दोनों लोगों को बार-बार ये याद दिलाना ही होगा कि आपकी मर्जी से लिया गया हर फैसला सही नहीं होता है, न ही अब वो जमाना है जिसमें लोग चुपचाप आपके मन की बात सुन लें। आज का युवा वादाखिलाफी को बहुत देर तक बर्दाश्त नहीं कर सकता है। लद्दाख हमेशा से एक शांत इलाका रहा है। बौद्ध धर्म की बहुलता वाले इस प्रांत में अपराध दर भी कम है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता दुनिया भर में प्रसिद्ध है और हर साल बड़ी संख्या में सैलानी इस दुर्गम इलाके तक पहुंचते हैं। अब तक सारी सकारात्मक बातों के लिए मशहूर लद्दाख में अब ये दुखद प्रसंग भी जुड़ गया है कि यहां नाराज युवा ने भाजपा कार्यालय में आग लगा दी। जुलाई में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक लेख में लिखा था कि, श्लद्दाख में उन्हें सबसे ज्यादा जो चीज प्रभावित करती है, वह असाधारण जीवंत रंग और शांति का भाव। उनके लेख पर प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से कहा गया था कि निर्मला सीतारमण लिखती हैं कि कैसे बेहतर कनेक्टिविटी और लद्दाख को उपलब्ध कराए जा रहे प्रचुर संसाधन केंद्र शासित प्रदेश को लाभ पहुंचा रहे हैं। श्री मोदी ने लद्दाख पर अपनी वाहवाही लूटने का कभी कोई मौका नहीं छोड़ा। अब देखना होगा कि हालात बिगड़ने पर भी वे उसी तत्परता से गलती स्वीकार करते हैं या नहीं। बता दें कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। छात्रों ने भाजपा ऑफिस में आग लगा दी। पुलिस पर पत्थरबाजी की, और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को ही 24 सितंबर को लद्दाख बंद का आह्वान किया था। भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया। लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की। इसका असर दिखा और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे। लेह हिल काउंसिल के सामने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे थे। जब आंदोलनकारी आगे बढ़े तो पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, इसके बाद हिंसा शुरु हो गई। आंदोलनकारी छात्र सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में उतरे थे। हालांकि पिछले 15 दिनों से लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने और पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे श्री वांगचुक ने इस हिंसा के बाद अनशन तोड़ दिया और कहा कि यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें। हम अपना अनशन तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं। सोनम वांगचुक ने हिंसा का समर्थन न कर बिल्कुल सही फैसला किया है, क्योंकि हिंसा किसी मसले का समाधान नहीं कर सकती। अब गेंद केंद्र सरकार के पाले में है कि वह एक अच्छे-खासे प्रांत को इस हाल में पहुंचा कर क्या फैसला लेती है। गौरतलब है कि साल 2०19 में अनुच्छेद 37० और 35 ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। लेकिन न जम्मू-कश्मीर को आज तक पूर्ण राज्य का दर्जा मिला, न लद्दाख को। जम्मू-कश्मीर में तो चुनाव भी तब जाकर हुए, जब सर्वोच्च अदालत ने अल्टीमेटम दिया था। लद्दाख की मांगों पर लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस सरकार से कई दौर की बातचीत पहले ही कर चुके हैं, लेकिन ठोस नतीजा सामने नहीं आया, गृह मंत्रालय ने अब अगली बैठक 6 अक्टूबर को तय की है। एलएबी और केडीए का कहना है कि वे बिना समाधान के भूख हड़ताल खत्म नहीं करेंगे। एलएबी के सह-अध्यक्ष चेयरिंग दोरजे ने हाल ही में कहा था, हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण है, लेकिन देरी से लोग अधीर हो रहे हैं। पता नहीं केंद्र सरकार इन लोगों की व्यग्रता और चिंता को समझ रही है या नहीं। लेकिन इस नासमझी को जितना ज्यादा खींचा जाएगा, उतना देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ेगा। इसी लद्दाख के जरिए




क्या आप भी रोजाना एक जैसा खाना खाकर बोर हो गए होंगे। अगर आपका कुछ चटपटा और हेल्दी खाने का मन करता है, तो यह लेख आपके लिए है। उबले हुए राजमा से आप 2 कमाल की डिशेज बना सकती हैं। तो बिना देर किए आपको इन 2 डिशेज की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जो टेस्टी और हेल्दी भी है।

हर घर में रोज की कहानी है कि आज खाने में क्या बनाएं। दिनभर महिलाएं सोचती रहती हैं बच्चों और बड़ों के लिए ऐसा क्या बनाएं जो खाने में टेस्टी और हेल्दी जरुर है। अब आप यह चिंता छोड़ दीजिए। बस उबले राजमा से ये 2 डिशेज को जरुर बनाएं, इसे बनाना भी काफी आसान है। आप चाहे इसे ब्रेकफास्ट या फिर स्नैक्स टाइम के लिए बना सकते हैं। वैसे तो राजमा खाना सेहत के लिए हेल्दी माना गया है। राजना के माध्यम से आप कई सारी टेस्टी डिशेज बना सकती हैं। आज हम आपको उबले हुए राजमा से चाट और कटनेट दोनों की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जो बेहद ही हेल्दी और स्वादिष्ट है। नोट करे इन दोनों डिशेज की आसान विधि।

उबले हुए राजमा की चाट

सामग्री

- नींबू का रस - 1-2 बड़े चम्मच
- चाट मसाला - 1ध्2 चम्मच
- काला नमक - 1ध्4 चम्मच
- तेल - 1 बड़ा चम्मच
- उबले हुए राजमा - 2 कप
- प्याज कटी हुई - 1ध्2 कप
- टमाटर कटे हुए - 1ध्2 कप
- हरी मिर्च बारीक कटी हुई- 1-2
- धनिया पत्ती छोटे-छोटे आकार में - 1ध्4 कप

उबले राजमा की चाट बनाने की विधि

- इसके लिए आप उबले हुए राजमा को बड़े बाउल में डाल लें।
- अब इसमें सभी सब्जियों को डालना है, जैसे कि- कटा हुआ प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, धनिया पत्ती आदि मिला लीजिए।
- इस मिश्रण में नींबू का रस, चाट मसाला और काला नमक मिलाएं।
- इन सबको अच्छे से मिक्स कर लीजिए।
- इसके बाद एक पैन में तेल को गर्म करें और अब इसमें राजमा का मिश्रण डाल दीजिए।
- 2 से 3 मिनट तक इसे पकाएं और फिर आप इसे गरमा गरण परोसें। तैयार है आपकी राजमा चाट।

राजमा कटलेट

सामग्री

- उबले हुए राजमा - 2 कप
- ब्रेड क्रम्ब्स - 1ध्2 कप
- प्याज कटी हुई - 1ध्2 कप
- टमाटर कटे हुए - 1ध्2 कप
- हरी मिर्च बारीक कटी हुई- 1-2
- धनिया पत्ती छोटे-छोटे आकार में - 1ध्4 कप
- अदरक-लहसुन का पेस्ट - 1 चम्मच
- नमक - स्वादानुसार
- तेल - तलने के लिए

राजमा कटलेट कैसे बनाएं?

- इसे बनाने के लिए पहले आप उबले हुए राजमा को मिक्स करें।
- एक पैन लें और इसमें तेल डाल दीजिए। अब इसमें बारिक कटी हुईं सब्जियां जैसे- प्याज, टमाटर, हरी मिर्च डालें। साथ में अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। इसके बाद स्वादानुसार नमक डालें।
- अब उबले हुए राजमा के बने मिश्रण में डालें और अच्छे से मिक्स (मैश) कर लें। इसके बाद आप छोटे-छोटे कटलेट बनाएं।
- फिर कटलेट को ब्रेड क्रम्ब्स में लपेटें और गर्म तेल में फ्राई कर लें।
- सुनहरा होने के बाद इसे फ्राई करें। इसके बाद आप हरी चटनी के साथ गरमा-गरम सर्व करें।




अगर आप भी अपने बाथरूम के शॉवर और नलों पर जमे हार्ड वॉटर स्टेंस से परेशान हैं, तो आपको इन्हें हटाने के लिए महंगे केमिकल क्लीनर की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज हम आपको एक असरदार घरेलू उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं।

हमेशा साफ और चमकदार बाथरूम देखना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन बाथरूम का जो सबसे बड़ा और मुश्किल काम लगता है, वह शॉवर हेड और स्टील के नलों पर जमे पानी के जिद्दी दागों को हटाना है। सतह पर पड़ने वाले सफेद धब्बे पानी में मौजूद मैग्नीशियम, कैल्शियम और खनिजों को सूखने के बाद बन जाते हैं, इन दागों को हार्ड वॉटर स्टेंस कहा जाता है। ये जिद्दी दाग बाथरूम की सुंदरता को कम कर सकते हैं और इन दागों को हटाना भी काफी ज्यादा मुश्किल होता है। क्योंकि इन दागों को हटाना सामान्य क्लीनर से हटाना बेअसर साबित हो जाता है।

ऐसे में अगर आप भी अपने बाथरूम के शॉवर और नलों पर जमे हार्ड वॉटर स्टेंस से परेशान हैं, तो आपको इन्हें हटाने के लिए महंगे केमिकल क्लीनर की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक असरदार घरेलू उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके अपनाकर आप सिर्फ 5 मिनट में बाथरूम के नलों और शॉवर को बिल्कुल नया जैसा चमका सकती हैं।

क्यों जमते हैं पानी के जिद्दी दाग

आपने देखा होगा कि शॉवर और नल पर दिखने वाले जिद्दी दाग पानी की वजह से बनते हैं। कठोर पानी में मैग्नीशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे खनिज घुले होते हैं। जब पानी सूखता है तो इसमें मौजूद खनिज सतह पर छूट जाते हैं और समय के साथ जमते रहते हैं। इसकी वजह से सफेद और खुरदरी परत बन जाती है। ऐसे में रोजाना सफाई करके इन जिद्दी दागों को हटाना काफी मुश्किल होता है।

हार्ड स्टेन हटाने वाला हैक

स्टील के नल से हार्ड वाटर स्टेन हटाने के लिए टूथपेस्ट का उपयोग कर सकते हैं। टूथपेस्ट में हल्के अपघर्षक और सफाई करने वाले गुण पाए जाते हैं, जोकि जिद्दी दागों को 5 मिनट में साफ कर सकते हैं। इसके लिए आपको जेल वाले टूथपेस्ट की जगह पेस्ट वाले टूथपेस्ट का इस्तोल करना चाहिए। वहीं जिद्दी दागों को हटाने के लिए रगड़ने के लिए पुराने टूथब्रश या सॉफ्ट स्पंज जरूर रखें। वहीं सफाई के बाद पोछने के लिए माइक्रोफाइबर कपड़े की भी जरूरत पड़ेगी।

टूथपेस्ट का इस्तेमाल

सबसे पहले उस जगह को हल्का गीला करें, जहां पर दाग लगे हैं। फिर दाग वाली जगह जैसे नल, शॉवर हेड या स्टील की सतह पर थोड़ी सी मात्रा में सफेद टूथपेस्ट सीधे लगाएं।

अब एक पुराने टूथब्रश या फिर सॉफ्ट स्पंज की मदद से टूथपेस्ट को दाग वाली सतह पर हल्के हाथों से रगड़ना है। इस दौरान आप यह जरूर सुनिश्चित करें कि सभी दागों को कवर कर रहे हैं। वहीं बारीक जगहों और कोनों को कवर करने में टूथब्रश बहुत काम आएगा।

बता दें कि दागों पर करीब 5 मिनट तक टूथपेस्ट को लगा रहने दें। टूथपेस्ट में मौजूद हल्के अपघर्षक कण और सफाई एजेंट इस दौरान एजेंट खनिज जमाव को हल्का और ढीला करने का काम करेगा।

समय पूरा होने के बाद दाग वाली जगह को एक फिर हल्के हाथों से रगड़ें। इस तरह से आप पाएंगे कि धीरे-धीरे दाग निकलने लगेंगे। साफ करने के बाद दाग वाली सतह को पानी से अच्छे से धो लें या फिर गीले माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछ लें।

लास्ट में दाग वाली सतह को एक सूखे माइक्रोफाइबर कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें। यह पानी के नए दाग-धब्बे बनने से रोकेगा और नल और शॉवर को चमकदार बनाएगा।




आजकल सभी को मैगी को खाना बेहद पसंद है। मैगी को कोई भी व्यक्ति न नहीं कहेगा। अगर घर पर आपने इस डिश को बना लिया तो सब लोग इसे बार-बार खाएंगे। स्टीम वाली मैगी को वेजिटेबल के साथ बनाकर देखें। नोट करें आसान रेसिपी।

मैगी लवर इसके स्वाद से कभी बोर नहीं होते हैं। जरा-सी भूख लग जाए तो सबसे पहले मैगी ही बनाई जाती है। आपको घर में भी सबसे ज्यादा मैगी खाई जाती है। चटपटी मैगी खाना सबको बेहद पसंद होता है। लेकिन आप भी एक तरह की मैगी खाकर बोर हो गए होंगे। तो चलिए बिना देर किए आपको रेसिपी बताते हैं।

चाउमीन स्टाइल में बनाएं मैगी

सामग्री

- 3-4 मैगी
- 1 बड़ा शिमला मिर्च
- 2 गाजर
- 5-6 कली लहसुन
- एक चम्मच जीरा
- एक प्याज
- हरी मिर्च
- एक टमाटर
- हरी मटर
- लाल मिर्च
- हल्दी पाउडर
- एक चम्मच ऑरेगेनो
- काली मिर्च
- टोमैटो सॉस
- रेड चिली सॉस
- सोया सर्वेस
- विनेगर

चाउमीन स्टाइल मैगी बनाने की विधि

- सबसे पहले आप मैगी को पानी में उबाले। अब इसमें मैगी मसाला डालें। इसके साथ ही शिमला मिर्च के टुकड़े डाल दें। इसे पकने दें, जब तक मैगी के मासले की महक आए।
- अब पैन में तेल डालकर गर्म करें और जीरा चटकाएं। इसके साथ लहसुन बरीक कटा हुआ डालें
- लहसुन भुन जाए तो प्याज डालें और भुन लें। अब इसमें हल्दी डालें।
- अब इसमे गाजर, शिमला और मटर डालकर पकाएं। पकने के लिए नमक डाल दें।
- सब्जियां पकने के बाद आप टमाटर डाल दें और गलन तक पकाएं।
- अब ऊपर ऑरेगेनो डाल दें। स्वाद को बढ़ाने के लिए आप रेड चिली सॉस, टोमैटो सॉस, सोया सॉस और विनेगर डालें।
- सब चीज मिक्स हो जाएं तो स्टीम हुई मैगी को मिला दें।
- यदि मसाला मैगी का डाला है तो ध्यान रहे कि उसे पहले मिक्स कर दें। ताकि मसाले का स्वाद पूरी मैगी में मिक्स हो जाए और स्वाद भी बढ़िया बना रहें।

# वेस्टइंडीज सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान

## करुण को नहीं मिली जगह, जडेजा बने उपकप्तान

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के खिलाफअगले महीने होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का एलान हो गया है। भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की अगुआई में उतरेगी, जबकि रवींद्र जडेजा उपकप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफअगले महीने होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए गुरुवार को भारतीय टीम का एलान हो गया है। भारतीय टीम इस सीरीज में शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी, जबकि रवींद्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो अक्तूबर को दो मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के बाद पहली बार भारतीय टीम टेस्ट मैच खेलने उतरेगी। पंत की अनुपस्थिति में जुरेल संभालेंगे विकेटकीपिंग का जिम्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। टीम के अनुभवी विकेटकीपर ऋषभ पंत चोट से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं जिस कारण इस सीरीज के लिए उनका चयन नहीं किया गया है। पंत इंग्लैंड दौरे पर उपकप्तानी का जिम्मा भी संभाल रहे थे और उनकी अनुपस्थिति में अब यह जिम्मेदारी रवींद्र जडेजा को सौंपी गई है। यह पहले से ही तय माना जा रहा था कि पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसे में जुरेल पर जिम्मेदारी होगी जिन्होंने इंग्लैंड दौरे पर भी पंत की अनुपस्थिति में विकेट के पीछे जिम्मेदारी निभाई थी। विकेटकीपर के तौर पर जुरेल पहली पसंद हैं, जबकि बैकअप के तौर पर एन जगीदशन को भी टीम में जगह दी गई है। बुमराह को नहीं दिया गया आराम एशिया कप में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफआराम नहीं दिया गया है। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह के कार्यभार प्रबंध का ध्यान रखा गया था और उन्होंने पांच में से सिर्फतीन मैच ही




खेले थे। इसे देखते हुए माना जा रहा था कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के मद्देनजर बुमराह को इस सीरीज से आराम मिल सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बात की भी पूरी संभावना है कि बुमराह प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे। वहीं, उनके साथ मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे। करुण बाहर, सरफराज को नहीं मिली जगह इंग्लैंड दौरे से आठ साल बाद भारतीय टीम में जगह बनाने वाले करुण नायर को वेस्टइंडीज के खिलाफटीम में जगह नहीं दी गई है। इंग्लैंड के खिलाफपांच मैचों की टेस्ट सीरीज में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इंग्लैंड के खिलाफओवल पर आखिरी टेस्ट में अर्धशतक जमाने वाले करुण ने सभी पारियों में अच्छी शुरुआत की। वह खराब फॉर्म में नहीं थे लेकिन ज्यादा रन नहीं बना सके। इसके बाद उनकी अंगुली में चोट लग गई और वह दलीप ट्रॉफी नहीं खेल सके। दूसरी ओर, सरफराज खान को एक बार फिर टेस्ट टीम में जगह नहीं दी गई है। सरफराज पिछले कुछ समय से अपनी फिटनेस पर भी काम कर रहे थे और उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रन बनाए थे।

## इंडियन फुटबॉल के लिए बुरी खबर, 2०26 एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाएगी पुरुष टीम

भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिए बुरी खबर है। दरअसल, साल 2०18 में एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाने के बाद भारतीय फुरुष फुटबॉल टीम का अगले साल होने वाले एशियन गेम्स में हिस्सा लेना एक बार फिर असंभव लग रहा है। बता दें कि, भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के लिए फिर सरकार की दया पर निर्भर होगी। वहीं जापान के आइची-नागोया में 2०वें एशियाई खेल होने हैं। इस बहुत-खेल प्रतियोगिता का 19 सितंबर से 4 अक्टूब 2०26 तक होना है। टोक्यो में 1958 और हिरोशिमा में 1994 के बाद नागोया एशियाई खेलों की मेजबानी करने वाला तीसरा जापानी शहर होगा। खेल मंत्रालय ने बुधवार 24 सितंबर 2०25 को आइची-नागोया एशियाड के लिए व्यक्तिगत एथलीटों और टीमों की पात्रता के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए। ताजा स्थिति के अनुसार, एशिया में 24वें स्थान पर काबिज फुटबॉल टीम उन सख्त मानदंडों को पूरा नहीं करती है जिनके अनुसार केवल पदक जीतने की क्षमता रखने वाली टीमों और एथलीटों को ही इस महाआयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा। बता दें कि, खेल मंत्रालय की तरफसे जारी परिपत्र में कहा गया है कि फुटबॉल और हॉकी जैसे टीम खेलों और रिले, युगल और मिश्रित युगल जैसी टीम स्पर्धाओं के लिए मानक एशियाई चौंपियनशिप में शीर्ष आठ में स्थान या महाद्वी में टॉप 8 रैंकिंग होगी।

## सफलता के बावजूद सूर्यकुमार यादव की फॉर्म ने भारत के लिए बढ़ाई चिंता, क्या पड़ रहा कप्तानी का दबाव?

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव बल्ले से चमक बिखेरने में लगातार असफल हो रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफमैच में यह देखने को मिला कि जैसे ही अभिषेक आउट हुए भारत की रनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। मध्यक्रम के बल्लेबाज या तो सस्ते में पवेलियन लौटे या उन्हें रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए लगातार पांच मैच जीतकर एशिया कप 2०25 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने बुधवार को सुपर चार चरण के मैच में बांग्लादेश को हराकर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारतीय टीम का प्रदर्शन मौजूदा टूर्नामेंट में काफी अच्छा रहा है और टीम अजेय बनी हुई है। भारत को लगातार सफलता मिल रही है, लेकिन कप्तान सूर्यकुमार यादव की फॉर्म ने उसके लिए चिंता बढ़ा दी है। अभिषेक के आउट होने के बाद लड़खड़ा रही पारी भारत को फाइनल से पहले अब शुक्रवार को श्रीलंका का सामना करना है। टीम इस मैच में अपना मजबूत और कमजोर पक्ष दोनों को देखना चाहेगी क्योंकि खिताब के इतने करीब आकर सूर्यकुमार की अगुआई वाली टीम कोई गलती करने से बचना चाहेगी। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल पिछले दो मैचों से टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं। अभिषेक ने सामने से जिम्मेदारी निभाई है और लगातार दो मैच में अर्धशतक लगा चुके हैं।




## भारतीय टीम को इस बड़ी कमजोरी को सुधारना होगा, फाइनल में हो सकती है मुश्किल

भारत ने बांग्लादेश को 41 रनों से हराकर एशिया कप 2०25 के फाइनल में एंट्री कर ली है। लेकिन टीम इंडिया की फील्डिंग फिर सवालों के घेरे में है। दरअसल, भारत ने इस मैच में कुल 5 कैच छोड़े, जिससे पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने अपने नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज करा लिया। अब तक टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में कुल 12 कैच ड्रॉप किए हैं। ये किसी भी टीम का अब तक का सबसे खराब रिकॉर्ड है। वहीं भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए एशिया कप सुपर-4 के इस मैच में एक रिकॉर्ड ऐसा भी बना, जहां मैच में कुल भारत ने 5 कैच ड्रॉप किए। वहीं बांग्लादेश के बल्लेबाज सैफहसन के चार कैच एक ही पारी में छूटे। ऐसा टी2० आई में बहुत कम देखने को मिलता है। इससे पहले ये जेसन रॉय, मोम्मद हफीज और पथुम निसंका के साथ देखा गया था। ेपं ब्नच 2०25 में छोड़े गए मैच भारत-12 कैचिंग एफिशिएंसीरू (67.5:) हांगकांग- 11 (52.1:) बांग्लादेश-8 (74.1:) श्रीलंका- 6 (68.4:) अफगानिस्तान- 4 (76.4:) ओमान- 4 (76.4:) पाकिस्तान- 3 (86.3:) यूएई- 2 (85.7:) वहीं इस एशिया कप में टीम इंडिया अब सबसे ज्यादा कैच छोड़ने वाली टीम बन गई है। हॉगकांग चीन अब दूसरे नंबर पर है। एशिया कप 2०25 में सबसे ज्यादा कैच भारतीय टीम ने छोड़े हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ी अब तक 12 कैच इस टूर्नामेंट में टपका चुके हैं। हालांकि,5 मैचों में ऐसा हुआ है और बांग्लादेश के खिलाफमैच में भारत ने सबसे ज्यादा कैच छोड़े।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, करुण नायर को नहीं मिली जगह

अगले महीने से शुरू होने वाली भारत-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए बीसीसीआई ने टीम इंडिया की टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज का पहला मैच 2 अक्तूबर से खेला जाना है। वहीं दूसरा टेस्ट 1० अक्तूबर को होना है। वहीं इस सीरीज के लिए टीम इंडिया में कई बदलाव हुए हैं। जहां टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपी गई है वहीं रवींद्र जडेजा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। सीरीज के लिए अक्षर पटेल की वापसी हुई है जो इंग्लैंड दौरे से बाहर थे।

## खराब फील्डिंग भारत के लिए खड़ी कर सकती है परेशानी, लगातार दूसरे मैच में छूटे कई कैच, करना होगा सुधार




**दुबई।** भारतीय टीम एशिया कप में अजेय बनी हुई है और उसने लगातार पांच मैच जीते हैं। भारत पहली टीम है जो फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है, लेकिन कैच छोड़ना उसके लिए बड़ी चिंता बन गया है। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत से सर्वाधिक कैच छूटे हैं। भारतीय टीम ने भले ही एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है, लेकिन जिस तरह से टूर्नामेंट में उसके खिलाड़ियों ने कैच छोड़े हैं, वो टीम के लिए मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। भारत ने पहले पाकिस्तान के खिलाफसुपर चार के मैच में कई कैच छोड़े थे, वहीं बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में भी भारतीय खिलाड़ियों का फील्डिंग में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हाल इतने खराब थे कि जीत की दहलीज पर पहुंचने के बावजूद खिलाड़ी कैच छोड़ने से बाज नहीं आ रहे थे। पाकिस्तान के खिलाफछोड़े थे चार कैच भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफएशिया कप के सुपर चार चरण के मैच में खराब फील्डिंग का प्रदर्शन किया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने उस मैच में कुल चार कैच छोड़े थे। पहला कैच पारी के पहले ही ओवर में छूटा, जब अभिषेक शर्मा ने हार्दिक पांड्या की गेंद पर फरहान का आसान कैच टपका दिया। उस समय फरहान खाता भी नहीं खोल पाए थे। दूसरा मौका पांचवें ओवर की चौथी गेंद पर आया, जब कुलदीप यादव की गेंद पर फरहान 16 रन के स्कोर पर थे और कैच हाथ में होते हुए भी पकड़ में नहीं पाए। तीसरा जीवनदान फिर अभिषेक शर्मा ने ही दिया, जिन्होंने आठवें ओवर की तीसरी गेंद पर फरहान का कैच छोड़ दिया। उस समय फरहान का स्कोर 39 रन था। फरहान ने इन जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और 34 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। बांग्लादेश के खिलाफ भी दिखी कमजोर फील्डिंग भारतीय टीम ने जहां बांग्लादेश के खिलाफ दमदार गेंदबाजी की, वहीं फील्डिंग में एक बार फिर उसका प्रदर्शन निराशाजनक नजर आया।

# लखनऊ में पीएम मोदी की 'मन की बात'

## बीकेटी में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मुरली नगर में डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में हुए शामिल

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें संस्करण को लेकर रविवार को लखनऊ में उत्साह देखने को मिला। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और पार्टी पदाधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं संग यह कार्यक्रम सुना और प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। डिप्टी सीएम ने मुरली नगर में सुना कार्यक्रम लखनऊ कैंट क्षेत्र के मुरली नगर पार्क के पास स्थित संजय अग्रवाल के आवास पर सुबह 11 बजे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात' का सीधा प्रसारण सुना। इस दौरान ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देश के लिए मार्गदर्शक है और इससे समाज में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा मिलती





है। बख्शी का तालाब में भी गूंजा मोदी का संदेश बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या–158, रामपुर देवरई में कार्यकर्ताओं के साथ यह कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से 'वोकल फॉर लोकल', स्वच्छता और खादी को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। यह अभियान भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। स्थानीय उत्पादों और स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प प्रधानमंत्री के संदेश के बाद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने–अपने क्षेत्रों में स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्वच्छता अभियान को और मजबूत करने का संकल्प लिया। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि गली–मोहल्लों, बाजारों और गांवों को साफ–सुथरा रखने और खादी वस्त्रों को अपनाने से देश की संस्कृति और गौरव को बढ़ावा मिलेगा। ब्रजेश पाठक ने दी श्रद्धांजलि और की अपील कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अमर शहीद भगत सिंह को नमन किया और कहा कि लता मंगेशकर ने भारतीय संगीत को पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वदेशी अभियान को बढ़ावा दे रहे हैं। हम सभी से आग्रह करते हैं कि देश में बने सामान खरीदें और देश में बने सामान का ही प्रचार–प्रसार करें।

## राशिकरण की कटौती के नए आदेश से पेंशनर्स में नाराजगी

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के महामंत्री ओंकार नाथ तिवारी तथा उपाध्यक्ष गोपी कृष्ण श्रीवास्तव ने पेंशन राशिकरण की कटौती अवधि के पुनर्स्थापन विषयक प्रकरण राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय आठवें वेतन आयोग को संदर्भित किये जाने पर असंतोष एवं निराशा व्यक्त की है। इस संबंध में वित्त सामान्य अनुभाग तीन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 25 सितंबर 2025 को एक कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए समस्त याचिकाकर्ताओं एवं अन्य पेंशनरों से प्राप्त प्रत्यावेदनों को निस्तारित कर दिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के सभी पेंशनरों में कुंठा एवं निराशा व्याप्त हो गई है। समिति अथवा राज्य सरकार द्वारा इस बिंदु पर विचार ही नहीं किया गया कि पेंशन राशिकरण की कटौती अवधि 15 वर्ष निर्धारित किए जाने के समय रसिकरण का गुणांक मानक 125 था जो वर्तमान में मात्र 98 निर्धारित है। राशिकरण की कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष 11 माह में करने की पेन्शनरों की मांग को हर स्तर से स्वीकृत किया गया था। उच्च न्यायालय ने भी पेन्शनरों की हजारों याचिकाओ पर शासन को सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने के निर्देश दिए थे और यह मानते हुए कि 10 वर्ष 11 माह की अवधि उचित है,कटौती पर स्टे भी दिए कि पेन्शनर की आर्थिक हानि रुक जाए। शासन ने 25 सितंबर को जो आदेश निर्गत किए है, निन्दनीय है, सदस्यो मे इस आदेश से आक्रोश भी है। इस सम्बंध में उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री से पेंशनर्स की भावनाओं से अवगत करायेगें। ज्ञात हो कि उच्चतम न्यायालय नें उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त माननीय न्यायाधीशों की इसी सम्बंध में योजित याचिका पर केन्द्र सरकार तथा समस्त प्रदेश सरकारों को जबाव देने हेतु नोटिस जारी किया गया है। 2006 से पूर्व पेन्शनर को एक रुपए की राशिकृत धनराशी के विरुद्ध 126 रुपए मिलते थे तथा उसकी वसुली 15 वर्ष में होती थी। उस समय बैंक व्याज दर 14 प्रतिशत थी। उसके उपरांत 2008 से पेन्शनर को एक रुपए के विरुद्ध 96 रुपए राशिकरण मिल रहा है तथा व्याज दर भी 6 प्रतिशत रह गई है तथा कटौती की अवधि वही 15 वर्ष है। जिससे पेन्शनर को प्राप्त राशि का का कई गुना अधिक वापस करना पड़ता है। जो पेन्शनर का आर्थिक उत्पीड़न भी है। जो जनकल्याण कारी सरकार के लिए उचित नही है।

## डिपो में खड़ी डबलडेकर बस,चलेगी दीपावली के बाद !

लखनऊ,संवाददाता। रोडवेज की इलेक्ट्रिक डबलडेकर बस नौ महीने से सड़क पर उतरने को बेकरार है। चार्जिंग स्टेशन नहीं बनने से बस का अरमान पूरा नहीं हो पा रहा है। अब अस्थायी व्यवस्था कर बस को दीपावली के बाद सड़क पर उतारने की तैयारी की जा रही है।महाकुंभ में रोडवेज को लखनऊ से बाराबंकी के बीच संचालन के लिए डबलडेकर बसें मिली थीं, मगर नौ महीने से बस बाराबंकी डिपो में खड़ी है। चार्जिंग स्टेशन नहीं होने से दिक्कतें हो रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन तैयार करने के लिए एनओसी की प्रक्रिया हो गई है, लेकिन इसे बनने में समय लगेगा। ऐसे में दीपावली के बाद अस्थायी व्यवस्था कर बस चलाई जा सकती है।

## जीपीओ में प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन, स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

लखनऊ,संवाददाता। जीपीओ में आज डाक टिकट संग्रह को लेकर अभिरुचि रखने वालों के लिये लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जीपीओ के चीफ पोस्टमास्टर राजेश कुमार के मुताबिक आज 28 सितम्बर को प्रथम चरण के अंतर्गत लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का लखनऊ जीपीओ में आयोजन किया गया, जिसमे लखनऊ के विभिन्न स्कूलो के करीब सवा सौ बच्चों ने हिस्सा लिया।उन्होंने बताया कि परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले स्कूलों में सेठ आनंदराम जयपुरिया, मॉडर्न स्कूल, नवयुग रेडिएंस, महर्षि विद्या मंदिर, सिटी मांटेसरी स्कूल, बाल विद्या मंदिर, सिटी इंटरनेशनल स्कूल आदि के कक्षा 6,7,8 एवं 9 तक के 124 बच्चों ने सहभागिता की। बच्चों में डाक टिकटों के प्रति जो रूचि और उनके विचार हैं, वे सराहनीय है।

## छोटे इमामबाड़े के तीन गेटों का निर्माण कार्य तत्काल प्रारम्भ किये जाने कप मांग

लखनऊ,संवाददाता। ऐतिहासिक छोटे इमामबाड़े के तीन गेटों का निर्माण कार्य तत्काल प्रारम्भ किये जाने को लेकर ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी (रजि०) लखनऊ के पदाधिकारियों एंव हिन्द सेवकों की बैठक सम्पन्न हुई। ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी लखनऊ के अध्यक्ष एम० अली मदहोश एडवोकेट की।

## सीएम ने की देवीपाटन मंदिर में पूजा–अर्चना, गायों को खिलाया चना,गुड़ और रोटियां

### 826 करोड़ की 124 परियोजनाओं की दी सौगात

लखनऊ,संवाददाता। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ कल दो दिन के दौरे पर बलरामपुर पहुंचे। उन्होंने मां पाटेश्वरी देवी के जहां दर्शन और पूजन किया, वही करीब 826 करोड़ की 124 परियोजनाओं की सौगात भी बलरामपुर को दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर के दौरे के दूसरे दिन आज रविवार की सुबह देवीपाटन मंदिर में मां पांटेश्वरी के दर्शन कर उनके पांव पखारे। इसके बाद आरती की। यहां से वह गोशाला पहुंचे। वहां पर गायों को चना,गुड़, रोटियां खिलाकर गोसेवा की। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं से बातचीत की। बच्चों को दुलारा और टाफियां दीं। सीएम योगी शनिवार की रात यहां पहुंचे थे। मंदिर में दर्शन करके विश्राम को चले गए थे। उन्होंने रात्रि विश्राम यहीं मंदिर में किया था।सीएम ने मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं से मुलाकात की और बच्चों से भी मिले। बच्चों को टाफियां देकर उन्हें दुलार किया और खूब मन लगाकर पढ़ने को कहा। इस दौरान मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी मंदिर गोरखपुर के महंत रवींद्र दास भी मौजूद रहे।मंदिर से निकलने के बाद सीएम धुधुलपुर में कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने सरकारी योजनाओं पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने 826 करोड़ की 124 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



## यूपी में पंचायत चुनाव से पहले गरमाई सियासत, आई लव योगी से आई लव अखिलेश तक पोस्टर वार की आग

लखनऊ,संवाददाता। पंचायत चुनावों से पहले उत्तरप्रदेश की राजनीति एक बार फिर ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ी हो गई है और राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वार शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से लगाए आई लव योगी आदित्यनाथ जी के पोस्टर के जवाब में समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर सपा समर्थकों ने आई लव अखिलेश यादव के पोस्टर लगाया है और अपनी एकजुटता दर्शाई है। मिली जानकारी के मुताबिक, उप्र में पोस्टर वार की शुरुआत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की दो दिवसीय रायबरेली यात्रा के दौरान हुई थी। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव राहुल निर्मल बागी ने ब्रह्मा–विष्णु–महेश के पोस्टर लगा कर सनसनी फैला दी थी। पोस्टर में तेजस्वी, गांधी और यादव को भगवान का दर्जा दिया गया था। पोस्टर में लिखा था कि 'इंडिया की अंतिम आस, कलयुग के ब्रह्मा, विष्णु , महेश।श फोटो में तेजस्वी को भगवान ब्रह्मा का दर्जा और गांधी को भगवान विष्णु का दर्जा दिया गया था, जबकि अखिलेश को भगवान महेश का अवतार बताया गया था। बताया जा रहा है कि इसके बाद सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा हुए





समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के समर्थन में समर्थकों ने पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर अपनी निष्ठा जताई थी। सपा नेता मोहम्मद इकलाख की तरफ से लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया था कि 'आजम लौटे, ये एक नई सुबह की पहचान है, गौर से सुनो...हवाओं में सरकार बदलने का ऐलान है'। वहीं पिछले दिनों कानपुर के रावतपुर इलाके में 'आई लव मोहम्मद के पोस्टर को लेकर उठे विवाद ने राजनीतिक दलों के लिए बूस्टर डोज का काम किया है। बरेली में हुए प्रदर्शन को लेकर सरकार के सख्त रुख को देखते हुए पहले जहां आई लव महादेव के पोस्टर लग रहे थे, वही बीजेपी नेता व युवा मोर्चा के महामंत्री अमित त्रिपाठी ने 'आई लव श्री योगी आदित्यनाथ जीश और 'आई लव बुलडोजरश लिखा कर सियासी गर्मी बढ़ा दी है। इन पोस्टरों पर योगी आदित्यनाथ और त्रिपाठी की फोटो लगी है। बीच में बुलडोजर की भी फोटो छपी है।

# यूपी में भाजपा नेता का कत्लः बीडीसी सदस्य को गोलियों से भून डाला, गांव के युवक ने इसलिए की हत्या

मेरठ,(एजेंसी)। यूपी के मेरठ जिले के किठौर के गांव भड़ौली में बीडीसी सदस्य की गोली बरसाकर हत्या कर दी गई। मृतक प्रमोद भड़ाना भाजयुमो के मंडल महामंत्री थे। उन्हें तीन गोलियां लगीं। गांव के रोबिन पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में शनिवार को भाजपा नेता को गोलियों से भून डाला। भाजपा नेता की हत्या का आरोप गांव के ही युवक पर लगा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही फरार आरोपी की तलाश में जुट गई। जानकारी के अनुसार, मेरठ के किठौर इलाके के भड़ौली गांव में शनिवार सुबह भैंसा बुग्गी में खेत से चारा लेने गए भाजयुमो मंडल महामंत्री व बीडीसी प्रमोद भड़ाना (35) की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। उन्हें तीन गोली लगीं। बुधवार को गांव के ही शिवम पर गढ़मुक्तेश्वर नानपुर में फायरिंग की गई थी। प्रमोद भड़ाना और प्रधान कुसुम के पति अंकित ने शिवम पक्ष के साथ गांव के रोबिन पर हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसका बदला लेने के लिए आरोपी रोबिन ने वारदात को अंजाम दिया। अंकित की गाड़ी और उनके घर के बाहर फायरिंग आरोपी ने प्रमोद की हत्या के बाद अंकित की गाड़ी और उनके घर के बाहर जाकर भी फायरिंग की। एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि तीन टीमें गठित की गई हैं। ग्राम प्रधान के ससुर सतीश के अनुसार, भाजयुमो के किठौर मंडल महामंत्री प्रमोद भड़ाना सुबह आठ बजे पशुओं का चारा लाने भैंसा बुग्गी से खेत जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गन्ने के खेत में छिपे




रोबिन ने पिस्टल से प्रमोद पर गोलियां बरसा दीं। प्रमोद को तीन गोलियां लगीं। भैंसा भी पैर में दो गोली लगने से घायल हो गया। सूचना मिलने पर वह पुत्र अंकित के साथ मौके पर जा रहे थे। रास्ते में रोबिन ने उनकी गाड़ी पर भी फायर किया। वे किसी तरह बच गए। इसके बाद आरोपी ने उनके घर के बाहर भी कई फायर किए और बाइक से भाग निकला। प्रमोद को निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। भाई विनोद ने रोबिन के खिलाफ रिपोर्ट कराई। कई लोग हिरासत में लिए गए। पिता को काफी देर में दी मौत की जानकारी प्रमोद दो भाइयों में बड़ा था और अविवाहित था। वह गांव में पिता धूम सिंह और मां जगवती के साथ रहता था। प्रमोद और प्रधान पति अंकित में गहरी दोस्ती थी। प्रमोद की मौत की जानकारी बुजुर्ग पिता को काफी देर बाद दी गई। दोपहर करीब ढाई बजे एसएसपी डॉ. विपिन ताडा मौके पर पहुंचे और घटना के चश्मदीद गवाह रामपाल और प्रमोद के पिता धूम सिंह से मामले की जानकारी ली। एसएसपी ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। प्रमोद की दिनचर्या की थी पूरी जानकारी ग्रामीणों के मुताबिक, प्रमोद रोजाना सुबह पशुओं को चारा लाने अपने खेत पर जाता था। इसकी जानकारी रोबिन को थी। इसके चलते वह पहले ही प्रमोद के खेत से पहले एक ईख के खेत में छिपकर बैठ गया। प्रमोद बुग्गी लेकर ईख के खेत के पास पहुंचा तो रोबिन ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फोरेंसिक टीम को मौके पर जांच के दौरान करीब आधा दर्जन खोखे मिले हैं। गोलू गैंग का भी नाम आया सामने सीओ किठौर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर में पांच दिन पूर्व शिवम पर गोली चलाई गई थी। इस मामले में विनीत भड़ौली ने दो दिन पहले मेरठ कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। इस मामले में गोलू गैंग का भी नाम जांच में सामने आया है। विनीत भड़ौली गोलू गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। इस बिंदु पर भी किठौर पुलिस जांच कर रही है। चाचा की हत्या के बाद अंगुली से कुरेदे थे जख्म पुलिस के मुताबिक, मकान के विवाद को लेकर हुई पंचायत में एलान के बाद 15 अगस्त 2018 की रात अपने शराब के ठेके लौट रहे नरेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## बेहटा कला में आयोजित रोशनी अनजान और सचदेवा शरारती के कीर्तन कार्यक्रम की लोगों ने की खूब सराहना

लालगंजरायबरेली। लखनऊ की रोशनी अनजान और कानपुर के सचदेवा शरारती एक साथ कई कीर्तन कार्यक्रमों में प्रस्तुति दे चुके हैं। इन दोनों कीर्तनकारों की जोड़ी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो अपने ज्ञानवर्धक कीर्तनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।शनिवार की रात बेहटा कलां के श्री सिद्धेश्वर मंदिर मे रात नौ बजे से जवाबी कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें रोशनी अनजान और सचदेवा शरारती ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दोनों कलाकारों ने अपनी रचनाओं को धार्मिक अंदाज में पेश किया। जवाबी कीर्तन में रोशनी अनजान और सचदेवा शरारती ने सबका ध्यान आकर्षित किया। बेहटा कला गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दोनों कीर्तनकारों की जोड़ी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक अनंत विजय सिंह के द्वारा पूर्व ब्लाक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री और कांग्रेस नेत्री श्रीमती सुधा त्रिवेदी का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कीर्तन जैसे कार्यक्रमों से हमारी सनातन संस्कृति को संजोने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने आयोजक अनंत विजय सिंह के प्रति भी साधुवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर पूर्व उप ब्लाक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री, कांग्रेस नेत्री श्रीमती सुधा द्विवेदी, राम प्रताप सिंह, अशोक शुक्ला एडवोकेट अजय सिंह पप्पू , विनोद सिंह उर्फ डॉक्टर ओलाई , प्रधान प्रेमचक पप्पू सिंह चौहान, प्रोफेसर डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ,पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह मुन्ना, राजेश सिंह फौजी ,कैप्टन रविंद्र बहादुर सिंह, सुरेश सिंह आचार्य आदि हजारों श्रोतागण मौजूदरहे।

## बहाई गांव में पुलिस ने पैदल मार्च कर चुस्त दुरुस्त पुलिसिंग का कराया एहसास

लालगंज रायबरेली। एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी और सीओ अमित सिंह व प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह की अगुवाई में लालगंज कोतवाली के बहाई गांव में पैदल मार्च कर जनता के बीच चुस्त दुरुस्त पुलिसिंग का एहसास कराया गया। लालगंज चिकवाही मंडी में भी पुलिस का पैदल मार्च हुआ। एसडीएम और सीओ ने कहा कि वर्तमान में चल रहे नवरात्र के त्योहार और दशहरा पर्व को लेकर पुलिस लगातार सक्रियता बरत रही है। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक के साथ–साथ गांव में भी चौपाल लगाकर जनता को कानून व्यवस्था के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा पुलिस लगातार पैदल गस्त कर रही है। योगी सरकार की मंशा के अनुसार त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए लालगंज पुलिस कटिबद्ध है। त्योहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसिंग को और अधिक सक्रिय किया जा रहा है। अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर त्योहारों में किसी ने कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पैदल मार्च में क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,उप निरीक्षक अमरेश द्विवेदी ,उप निरीक्षक नितिन मलिक , उप निरीक्षक अमरनाथ,उप निरीक्षक निखिल, उपनिरीक्षक अजय कुमार मिश्रा सहित भारी–फोर्स मौजूद रहा।

## अभी कुछ लोगों में पाकिस्तानी खून बचा हुआ है : सूरज पाल

अलीगढ़,संवाददाता। भारत के अंदर अभी कुछ लोगों के अंदर पाकिस्तानी खून बचा हुआ है। इसलिए वह देश का माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं। उनके लिए हमारे अड़ोस पड़ोस में दो देश हैं, उन्हें वहां चला जाना चाहिए। ऐसे लोग या तो पाकिस्तान चले जाएं, या फिर बांग्लादेश चले जाएं। यह बात करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पाल सिंह अम्मू ने रविवार को अलीगढ़ में कही। उन्होंने कहा कि देश में रहना है तो संविधान के अनुसार रहना होगा। अगर किसी को अपनी अलग व्यवस्था चलानी है तो उसे पड़ोसी देश चले जाना चाहिए। वह रविवार को अलीगढ़ में हुए करणी सेना के शस्त्र पूजन कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए थे।

## थाना दिवस पर भदोखर में डीएम-एसपी ने सुनी लोगों की शिकायतें, समयबद्ध निस्तारण का दिया निर्देश

रायबरेली,संवाददाता। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भदोखर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट, आपसी रंजिश, महिला उत्पीड़न आदि से संबंधित शिकायतें आयीं। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए।

जिससे कि फरियादियों को बार–बार अपनी शिकायत को लेकर इधर–उधर भटकना न पड़े। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। मिशन शक्ति फेज–5 अभियान के तहत आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदोखर की मीना मंच की बालिकाओं को भदोखर थाने का भ्रमण कराया गया जिसमें महिला हेल्प डेस्क प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा द्वारा एफ०आई०आर० कराने तथा हेल्पलाइन नंबर और महिला हेल्प डेस्क के कार्यों के बारे में बालिकाओं को विधिवत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बालिकाओं से मिशन शक्ति बारे में चर्चा की और गांव–गांव घर–घर तक मिशन शक्ति का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संयोजन एस.एस पाण्डेय प्रभारी मीना मंच द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, सीओ अरुण कुमार नौहवार, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इरफाना काजमी, सहयोगी प्रतिभा सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहें।

## महिलाएं व छात्राएं निर्भीक होकर रहे सलोन कोतवाल राघवन

रायबरेली,संवाददाता। सलोन के आशियाना नगर स्थित बीपीसीएल पब्लिक स्कूल सलोन में महिला सशक्तिकरण पर कोतवाली प्रभारी श्री राघवन सिंह और महिला पुलिस द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में बेटियों ,महिलाओं और स्त्रियों ,के ऊपर होने वाले अपराध , छेड़छाड़, शारीरिक मानसिक रूप से होने वाले उत्पीड़न, के संबंध जानकारी और उसके संबंध में प्रशासन और पुलिस द्वारा किए जाने वाले प्रयास महिला हेल्पलाइन नंबर 112 ,1090 के बारे में जानकारी दी गई उसके संबंध पत्रकों का वितरण किया गया, साथ में पिंक बूथ की जानकारी और उसे जानकारी में गोपनीयता का भी ध्यान रखा जाएगा, और बेटी ,महिलाओं और बच्चों की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी, इस संदर्भ में महिला सिपाहियों द्वारा बेटियों को सुंदर–सुंदर जानकारी दी गई, इस अवसर पर विद्यालय की की बेटियों द्वारा सुंदर–सुंदर स्लोगन लिखे गए नारे लगाए गए, और महिला सशक्तिकरण पर सुंदर गीत ,भाषण और भारत के महान नारियों का चरित्र चित्रण भी किया गया, इस अवसर पर विद्यालय की एक बेटी दीक्षा गुप्ता द्वारा कोतवाली प्रभारी श्री राघवन जी का एक फोटो स्केच भी तैयार करके दिया गया , इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी ने अपने क्षेत्र की सभी बहन बेटियों और महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनके कार्यकाल में लेने महिलाओं संबंधी अपराध में तुरंत कार्रवाई करके दोषियों को तुरंत दंडित किया जाएगा और क्षेत्र की बेटियों बच्चियों को शासन की मंशा के अनुरूप एक सुंदर स्वच्छ और भय मुक्त वातावरण दिया जाएगा, और अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा की सभी प्रकार के आपराधिक तत्व सुधर जाएं नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी, इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक समाजसेवी सुनील साहू ने थाना प्रभारी और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया कि आपके द्वारा क्षेत्र में बेटियों और महिलाओं के जागरूकता संबंधी जो भी प्रयास किया जा रहे हैं उससे समाज में एक सामाजिक चेतन आएगी और लोग अपराध करने से दूर भागेंगे, इस अवसर पर भाजपा के मंडल महामंत्री रोहित गुप्ता ने भी बेटियों को संबोधित किया, और युवा मोर्चा मंडल महामंत्री शशांक साहू ने भी कार्यक्रम की कुशल रूपरेखा तैयार की, इस अवसर पर महिला मोर्चा की अध्यक्ष सीमा उपाध्याय विधि प्रकोष्ठ के नागार्जुन प्रसाद गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष दिनेश कौशल सब इंस्पेक्टर प्रवीण पुंज।

### देश में बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क लॉन्च,सीएम योगी ने लाइव टेलीकास्ट देखा, बोले-

# हम टेक्नोलॉजी में दुनिया को लीड कर रहे

लखनऊ, (संवाददाता)। पीएम मोदी ने आज ओडिशा के झारसुगुड़ा से देश का पहला पूरी तरह से स्वदेशी 4ळ नेटवर्क लॉन्च कर दिया। इस महाआयोजन का लाइव टेलीकास्ट लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजरपी) में भी किया गया। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ऐतिहासिक मौके पर मौजूद रहे। सीएम योगी ने कहा बीएसएनएल की इस पहल से यूपी को विशेष सौगात मिली है। प्रदेश के ऐसे 240 गांवों को पहली बार हाई–स्पीड नेटवर्क मिलेगा जो अब तक कनेक्टिविटी से दूर थे। प्रध् ाानमंत्री मोदी ने पूरे देश में 97,500 मोबाइल टावर और 443 स्वदेशी टॉवरों का उद्घाटन किया। यूपी के सीमावर्ती और पिछड़े क्षेत्रों तक भी डिजिटल सेवाएं पहुंचाई जाएंगी, जहां अब तक या तो फोन कनेक्टिविटी बिल्कुल नहीं थी या फिर लोग केवल 2जी नेटवर्क तक ही सीमित थे। बीएसएनएल के सीजीएम एके गर्ग ने कहा पीएम मोदी ने ओडिसा से 57500 4जी टावर का उद्घाटन किया। यूपी में बीएसएनएल 6659 साइट पर 4जी मोबाइल सेवा शुरू कर रही है। डेटा कंजम्पशन तेजी से बढ़ रहा है। सोनभद्र जैसे जिलों में जहां उग्रवादियों का पहले प्रभाव रहा है, वहां भी 4जी सेवा मिलनी शुरू होगी। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा भारत आज ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है। कोविड के सामने हमने पहली स्वदेशी वैक्सीन बनाई। यूपीआई के भी हम दुनिया मे सबसे आगे। हमारा स्वदेशी चंद्रयान भी अद्भुत है। 4जी सेवा का लॉन्च केवल तकनीकी सफलता नहीं, ये दुनिया के महज 5 देशों की उस श्रेणी में शामिल कर रहा है जो खुद का 4जी नेटवर्क बनाने में सफल रहा है। उस समय केवल 4 देश, चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के पास भी 4जी के मैनुफैक्चरिंग इक्विपमेंट थे। महज 2 साल में बीएसएनएच ने ये स्वदेशी नेटवर्क डेवलप किया है। अमेरिका, जर्मनी और फ्रांस जैसे देश जो न कर सके वो हमने रिकॉर्ड समय मे कर दिखाया है। और इस नेटवर्क को 5जी में कन्वर्ट करने की क्षमता भी होगी। सीएम योगी ने कहा किसी भी देश को खुद की सेना, अच्छी विदेश नीति, स्वयं की तकनीकी, और भ्रष्टाचार पर वार की क्षमता बेहद जरूरी है। भारत की सेना दुनिया की सबसे शक्तिशाली और समर्थवान सेना है। भारत दुनिया के किसी भी देश से डरेगा नही और झुकेगा नहीं। ऐसे ही खुद के नेटवर्क के जरिए बेहद सेफ है। आज भारत दुनिया मे तकनीकी का पिछलग्गू नहीं, बल्कि लीडर बनकर उभरा है। आज भारत डिजिटल पेमेंट के जरिये दुनिया में लीड कर रहा है। मुझे याद है 2017 में जब मुख्यमंत्री का दायित्व मिला तब भारत नेट के



जरिये काम हो रहे थे। अब ग्राम पंचायत के अंदर ग्राम सचिवालय बनाकर बर्थ सर्टिफिकेट, डेथ सर्टिफिकेट के अलावा बैंकिंग सेवाएं भी बैंक सखी के माध्यम से मिल जा रही हैं। चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ये बहुत काम कर रहे हैं। 2017 से पहले तेल सप्लाई के। माध् यम से टावरों पर माफिया हावी हो गए थे। हमने उनकी कमर तोड़ी और ये सुनिश्चित किया कि इससे जुड़े किसी भी स्टेक होल्डर को कोई परेशान नहीं कर सकेगा। इसके लिए मैं पीएम मोदी, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधि ाया और बीएसएनएल और उससे जुड़े सभी स्टेक होल्डर का बहुत–बहुत आभार। बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंध ाक यूपी ईस्ट अरुण कुमार गर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बीएसएनएल ने अब तक 6659 साइट्स पर 4जी सेवाएं स्थापित कर दी हैं। इनमें 142 साइट्स डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) से मंजूर हुई हैं, जिनमें से 141 पर काम पूरा हो चुका है। यूपी सरकार ने इन स्थलों पर ग्राम सभा की भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई है। बॉर्डर आउट पोस्ट्स (बीओपी) और बॉर्डर इंटेलिजेंस पोस्ट्स (बीआईपी) पर भी अब 4जी नेटवर्क पहुंच सकेगा। यूपी में भारत–नेपाल सीमा पर एसएसबी की 68 साइट्स मंजूर की गई हैं, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। यही नहीं, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों (चंदौली, मिर्जापुर और सोनभद्र) में मौजूद 2जी सेवाओं को 4जी में अपग्रेड किया जा रहा है। कुल 78 साइटों में से 25 पर काम पूरा हो चुका है। गर्ग ने बताया कि बीएसएनएल के लिए सी–डॉट, तेजस और टीसीएस ने मिलकर रिकॉर्ड 22 महीने में पूरी तरह स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी विकसित की, जिसे सॉफ्टवेयर के जरिए आसानी से 5जी में अपग्रेड किया जा सकेगा। इस कदम से यूपी सहित पूरे देश के लगभग 26700 अनछुए गांवों को जोड़ा गया है, जिससे 20 लाख से अधिक नए सब्सक्राइबर लाभान्वित होंगे। इसमें उत्तर प्रदेश का बड़ा योगदान होगा, जहां सीमावर्ती और पिछड़े इलाकों को प्राथमिकता दी गई है। इस पहल से भारत अब दुनिया का पांचवां ऐसा देश बन गया है जिसने पूरी तरह स्वदेशी 4जी टेलीकॉम स्टैक विकसित और लागू किया है। बीएसएनएल के कुल 92,600 4जी टावरों में से 18,900 टावर डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) परियोजना के तहत लगाए गए हैं। यह विस्तार डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम है।

## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूर्ण : एआईपीएफ

लखनऊ, (संवाददाता)। आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट की राष्ट्रीय कार्य समिति ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूर्ण है और उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। मोदी सरकार को लद्दाख के लोगों के लोकतांत्रिक शांतिपूर्ण आंदोलन पर दमन और उत्पीड़न करने के बजाय लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं छठी अनुसूची को लागू करने का अपना वादा पूरा करना चाहिए। एआईपीएफ ने कहा कि यह सर्वविदित है वांगचुक लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं छठी अनुसूची को लागू करने का वादा पूरा करने की मांग को लेकर पिछले चार साल से बिल्कुल गाँधीवादी शांतिपूर्ण तरीके से अपना आंदोलन एवं अनशन चला रहे थे। उनसे कई दौर की बातचीत के जरिए लद्दाख के लोगों की चिंताओं का समाध ाान करने से इनकार करने से निराश होकर, लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) और अन्य जन संगठनों ने 15 दिनों तक शांतिपूर्ण भूख हड़ताल की। मोदी सरकार ने उनकी इन मांगों को लेकर कोई भी सकारात्मक रुख नहीं दिखाया। परिणामस्वरूप शांतिपूर्ण आंदोलन की परम्परा के इस इलाके में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उसके बाद लगता है कि सरकार ने बीजेपी दफ्तर को जलाए जाने की घटना को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है और उस व्यक्ति पर हमला बोल दिया है जो किसी भी तरह से इसके लिए जिम्मेदार नहीं दिखता। सरकार ने वांगचुक की गिरफ्तारी अहंकार, क्रोध और प्रतिशोध की भावना से की है जोकि जनता की लोकतान्त्रिक मांगों को दबाने का प्रयास है। उन पर राष्ट्रद्रोह की धारा लगाई गई है। पूरे लद्दाख में इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी गई है। हालत इतनी बुरी है कि एक अत्यंत ठंडे क्षेत्र में रहने वाले सोनम वांगचुक को जोध पुर जैसे अत्यंत गर्म स्थान की जेल में रखा गया है। लद्दाख के घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि मोदी सरकार का 370 को हटाकर जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के विभाजन का फैसला पूरे तौर पर विफल साबित हुआ। आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट सरकार से सोनम वांगचुक को तत्काल रिहा करने, दमन पर रोक लगाने, इंटरनेट समेत लोकतांत्रिक गतिविधियों को चालू करने और लद्दाख की जनता से किए वायदों को पूरा करने की मांग करता है।

## कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर मेदांता से डिस्चार्जअब गौतमपल्ली आवास पर रहेंगे

लखनऊ, (संवाददाता)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की सेहत अब पूरी तरह ठीक है। कई दिनों से मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में इलाज के बाद उन्हें शनिवार दोपहर डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल बेड रेस्ट की सलाह दी है। ओपी राजभर पिछले कई दिनों से मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती थे। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. राकेश मिश्रा के नेतृत्व में उनका लगातार इलाज चल रहा था। सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने जानकारी दी कि सभी शुभचिंतकों के आशीर्वाद और डॉक्टरों की सतत देखरेख से मंत्री जी पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं।

## कांग्रेस नेता आसिफ रिजवी ने लगवाया पोस्टर, आजम खान की रिहाई पर दी मुबारकबाद

लखनऊ, (संवाददाता)। आजम के सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा होने के बाद उनसे मिलने के लिए कई नेता उनके घर पहुंच रहे हैं। कुछ नेता बाहर आने के बाद उन्हें पोस्टर के माध्यम से बधाई दे रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता आसिफ रिजवी ने भी राजधानी लखनऊ में पोस्टर लगाए हैं। पोस्टर के माध्यम से आजम को उन्होंने बधाई दी है। पोस्टर पोस्टर में आजम खान, राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की फोटो लगाई गई है। जिस पर लिखवाया–संघर्ष हमारा जारी रहेगा। आप को बता दें कि इससे पहले आजम खान कि रिहाई पर खुशी जताते हुए समर्थकों ने लखनऊ में पार्टी मुख्यालय के बाहर एक बड़ा बैनर लगाया था। सपा नेता मोहम्मद इकलाख की तरफ से लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया है,'आजम लौटे, ये एक नई सुबह की पहचान है, गौर से सुनो...हवाओं में सरकार बदलने का ऐलान है' ।इकलाख की तरफ से लगाए गए इस पोस्टर में मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव, आजम खान, शिवपाल सिंह यादव, बदायूं से सांसद आदित्य यादव और दो अन्य नेताओं की तस्वीरें भी शामिल की गई है। इस बैनर ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। बैनर में संदेश लिखा है कि'कुछ उसूलों का नशा था कुछ मुकद्दस ख्वाब थे..हर जमाने में शहादत के यही अस्बाब थे.. आजम लौटे, ये एक नई सुबह की पहचान है, गौर से सुनो...हवाओं में सरकार बदलने का ऐलान है।

# सेवा चयन आयोग बनने के बाद नही हुई कोई भर्ती

### शिक्षा विभाग में भर्तियों का इंतजार,अध्यक्ष भी दे गई इस्तीफा

लखनऊ, (संवाददाता)। जबसे शिक्षा सेवा चयन आयोग बना है, तब से कोई भर्ती नहीं हो सकी है। चयन के एक साल बाद ही गत शुक्रवार को आयोग की अध्यक्ष प्रफेसर कीर्ति पांडेय का इस्तीफा हो गया। अब तो नए अध्यक्ष चुने जाने के बाद ही भर्ती की कोई प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। शिक्षा के विभिन्न विभागों में कई साल से पद खाली हैं, लेकिन भर्ती का इंतजार खत्म ही नहीं हो रहा है। पहले शिक्षा से जुड़े विभागो के अलग–अलग बोर्ड और आयोग थे। वे अपने स्तर से भर्तियां करते थे। प्रदेश सरकार ने सभी को मिलाकर एक आयोग के गठन का निर्णय लिया। तब से सभी भर्तियां पूरी तरह रुक गई। 23 अगस्त2023 को शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन किया गया। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया। मार्च 2024 में आयोग के 12 सदस्यों का चयन किया गया। प्रोफेसर कीर्ति पांडेय का चयन एक सितंबर 2023 को अध्यक्ष पद पर किया गया। विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगे गए, उसमें ही काफी वक्त लगा।माध्यमिक शिक्षा की कुछ भर्तियों के लिए तारीख घोषित की गई, लेकिन हर बार किसी न किसी वजह से परीक्षा टल गई। अब अध्यक्ष का ही इस्तीफा हो गया। नए अध्यक्ष के चयन में वक्त लगेगा। उसके बाद ही भर्तियों की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। वरिष्ठतम सदस्य को अध्यक्ष का कामकाज संभालने के निर्देश दिए गए है।प्रदेश सरकार ने नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू की है। 21 अक्टूबर तक आवेदन मांगे गए है। अध् यक्ष काकार्यकाल तीन साल का होगा, अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी। इस पद के लिए जरूरी है कि आवेदक आईएएस अफसर, किसी विश्वविद्यालय का कुलपति या किसी विश्वविद्यालय में बतौर प्रफेसर 10 साल का अनुभव और तीन साल का प्रशासनिक अनुभव रखता हो। बताया गया है किबेसिक शिक्षकों की भर्ती के लिए आखिरी बार 2018 में 69,000 शिक्षक भर्ती और 68,500 शिक्षक भर्ती का आवेदन हुआ था। ये भर्तिया 2020 में पूरी हुई थी।एडेड माध्यमिक शिक्षक भर्ती के लिए 4,163 पदों के लिए चयन बोर्ड ने 2022 में विज्ञापन निकाला था। इसके लिए 13. 55 लाख आवेदन आए थे। शिक्षा सेवा चयन आयोग बनने पर ये भर्तिया स्थगित कर दी गई।एडेड डिग्री कॉलेजों में असिस्टेंट प्रफेसर के 1,071 पदों की भर्ती का विज्ञापन 2022 में निकाला था। एक लाख से ज्यादा आवेदन आए थे। ये भर्तियां भी स्थगित हो गई।शिक्षा सेवा चयन आयोग को बेसिक, माध यमिक, उच्च, तकनीकी सहित सभी विभागों में भर्तियों का जिम्मा सौंपा गया है। सभी विभागों में भर्तियों का सिस्टम अभी तक काफी अलग रहा है। ऐसे में सभी की भर्ती प्रक्रिया और उसका प्रारूप तय करने में वक्त लगा।

# दुबई में सेटल कराने के नाम पर 5.74 लाख ठगे, पंजाब के रहने वाले हैं कारोबारी

नोएडा, (संवाददाता)। दुबई में फर्म पंजीकरण कराने और वहीं पर सेटल कराने के नाम पर ठगों ने पंजाब के कारोबारी के साथ पौने 5.74 लाख रुपए की ठगी कर ली। रकम लेने के बाद जब आरोपियों ने कॉल उठाना बंद कर दिया, तब पीड़ित को पूरे फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। इस मामले में फेज वन थाने में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस जब आरोपियों के दफ्तर पर पहुंची तो बंद मिला। मनमोहन सिंह संधु ने बताया कि वह पंजाब के समराला के रहने वाले हैं और कारोबारी हैं। मनमोहन परिवार के साथ दुबई सेटल होना चाहते थे। वह अपने कारोबार को दुबई से करने का मन बना चुके थे। कुछ समय पहले उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात में फर्म पंजीकरण कराने संबंधी समीर एडवाइजरी मैनजेमेंट नाम की एजेंसी का विज्ञापन देखा। इसमें दो लोगों का नंबर भी दिया गया था। पहले नंबर पर कॉल करने पर तनवीर नाम के व्यक्ति से कारोबारी मनमोहन की बात हुई। तनवीर ने फर्म पंजीकरण कराने और वहीं पर सेटल कराने के नाम करीब सात लाख रुपये का खर्च बताया। सौदा तय होने के बाद तनवीर अहमद और उसके साथी जाहिद खान ने इसी साल 14 जून को दस्तावेज के साथ कारोबारी को नोएडा के सेक्टर तीन स्थित कंपनी के कार्यालय में बुलाया। 21 जून को दोनों ने फिर से दस्तावेज जमा कराए। इस दौरान जाहिद ने दुबई में सेटल कराने के नाम पर पांच लाख 74 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। दोनों कारोबारी से फोन पर वार्तालाप नियमित



अंतराल पर करते रहे। एक माह तक भी काम नहीं होने पर पीड़ित ने संपर्क किया तो दोनों के मोबाइल फोन बंद आने लगे। पीड़ित ने नोएडा कार्यालय आकर गार्ड से जानकारी की तो पता चला कि आरोपी कार्यालय बंद कर चले गए हैं। मनमोहन ने बताया कि उसकी तरह कई पीड़ित कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। आरोपी सभी की रकम लेकर भाग गए हैं।आशंका जाहिर की जा रही है कि यह फर्जीवाड़ा सुनियोजित तरीके से एक संगठित गिरोह के सदस्यों द्वारा किया गया है। इस मामले में पुलिस ने तनवीर अहमद और जाहिद खान के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिसकी बिल्डिंग में आरोपियों ने ऑफिस खोला था। पुलिस अब उससे भी संपर्क करने का प्रयास कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपियों ने कुछ कर्मचारियों को एक दो महीने के लिए भर्ती किया था। विज्ञापन जारी करवाकर सुदूर राज्यों और जिलों में रहने वाले लोगों को नोएडा बुलाया जाता था ताकि वह बार—बार संपर्क न कर सकें।

## बाइक–ट्रक भिड़ंत में एक की मौत,दूसरा घायल

बांदा, (संवाददाता)। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के भदवारी मोड़ पर शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बदौली गांव निवासी प्रदीप उर्फ लल्ली (40) और रामराज (50) बाइक पर सवार होकर बबेरू से अपने गांव बदौली जा रहे थे। यह घटना औगासी रोड पर भदवारी मोड़ के पास हुई, जहां ट्रकों की नो एंट्री लगती है। नो एंट्री क्षेत्र के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने प्रदीप उर्फ लल्ली को मृत घोषित कर दिया। रामराज की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल बांदा रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार रात 11 बजे पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि बाइक सवार दो लोग खड़े ट्रक से भिड़ गए, जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरा व्यक्ति घायल है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## युवक की संदिग्ध मौत से हड़कंप,ब्राह्मण एकता परिषद ने जताया दुख

बांदा, (संवाददाता)। हमीरपुर जनपद के सूरजपुर निवासी अनिल कुमार की जेल में हुई संदिग्ध मौत को लेकर क्षेत्र में आक्रोश और शोक का माहौल बना हुआ है। युवक को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। घटना की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जन सम्मान मंच के संस्थापक जुगल किशोर तिवारी दो दिन पूर्व सूरजपुर पहुंचे। उनके साथ परिषद की महिला जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जुगल किशोर तिवारी ने सबसे पहले मृतक का पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उनके साथ मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता राजीव शुक्ला ने भी शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। तिवारी ने कहा कि परिषद हर दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने परिषद के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार की हर स्तर पर मदद की जाए तथा प्रशासन से पारदर्शी जांच की मांग की जाए। परिषद के नेताओं ने इस घटना को गंभीर बताते हुए इसे समाज के लिए चिंता का विषय बताया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग रखी। वहीं परिवारजन अब भी न्याय और सहयोग की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## थाना दिवस पर सुनी गई शिकायतें, सीओ और थानाध्यक्ष ने किया निस्तारण

बांदा, (संवाददाता)। जिले के जसपुरा थाना परिसर में हाल ही में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ सदर राजवीर सिंह गौर और थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। थाना दिवस में सीओ सदर राजवीर सिंह गौर, थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के साथ एसआई प्रवेश कुमार, एसआई आकाश कुमार गौड़, सिपाही विक्रम सिंह और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। क्षेत्र के लेखपाल और कानूनगो रामकिशोर कुशवाहा व लेखपाल अनिल कुमार भी उपस्थित थे। सबसे अधिक मामले जमीनी विवाद से संबंधित थे। अधिकारियों ने सभी लेखपालों को निर्देश दिए कि वे जमीनी विवादों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं, जिस पर उन्हें त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। कई मामलों का तत्काल समाधान भी किया गया।

## छात्राओं ने थानों का भ्रमण कर सीखी एफआईआर प्रक्रिया

### मशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा की बारीकियां जानी

उरई/जालौन, (संवाददाता)। जालौन जिले में मिशन शक्ति फेज–5 के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका




विद्यालयों की छात्राओं ने थानों का भ्रमण किया। इस पहल का उद्देश्य महिला सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना था। छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्पलाइन डेस्क और एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान, चुर्खी और जालौन सहित अन्य थानों में अधिकारियों ने छात्राओं को प्रथम सूचना रिपोर्ट (थ्प्त्) दर्ज करने का तरीका समझाया। उन्हें यह भी बताया गया कि आपात स्थिति में पुलिस कैसे तत्काल सहायता प्रदान करती है। महिला हेल्पलाइन 1090, 181 और आपातकालीन नंबर 112 जैसे महत्वपूर्ण संपर्क नंबरों के उपयोग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। थाना प्रभारियों और महिला हेल्प डेस्क कर्मियों ने छात्राओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। इस शैक्षिक भ्रमण में बालिकाओं ने गहरी रुचि दिखाई और कई प्रश्न पूछे, जिनके अधिकारियों ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिए। छात्राओं ने इस अनुभव को पुलिस व्यवस्था और महिला सुरक्षा तंत्र को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। अधिकारियों का मानना है कि ऐसी पहल से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे समाज में महिला सुरक्षा की दूत बनकर जागरूकता फैलाएंगी। मिशन शक्ति का यह चरण छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक रहा और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि संकट के समय पुलिस हमेशा उनके साथ है।

## पुलिस ने सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर महिलाओं को किया जागरूक, दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

उरई/जालौन, (संवाददाता)। रामपुरा थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए जन चौपालें आयोजित कीं। ये चौपालें जालौन जिले के जगम्मनपुर क्षेत्र के ग्राम हुसेपुरा जागीर, ग्राम हमीरपुरा और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जगम्मनपुर में लगाई गईं। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं, किशोरियां और ग्रामीण मौजूद रहे।चौकी प्रभारी पंकज कुमार मिश्रा ने उपस्थित लोगों को महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर



लाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में विस्तार से बताया। मिश्रा ने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी उत्पीड़न की स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का निडरता से उपयोग करने की अपील की। उन्होंने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस महिलाओं और समाज के हर वर्ग की सुरक्षा व सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। महिला पुलिसकर्मियों कांस्टेबल लता यादव, दीप्ति और बबिता ने आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा और बालिकाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे विषयों पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए।

# एएमयू ने मनाया 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान, पूरे विश्वविद्यालय में चला सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम

अलीगढ़,संवाददाता। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय पहल "श्रमदान एक दिन, एक घंटा, एक साथ" के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान में सक्रिय भागीदारी की। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और स्कूलों में सफाई अभियान और जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य स्वच्छता, सतत विकास और नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था।जेएन मेडिकल कॉलेज के फिजियोलॉजी विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. गुल आर नबी खान के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने विभागीय परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की तथा कचरे का सही ढंग से निस्तारण किया। प्रो. खान ने स्वच्छता और स्वास्थ्य को जीवन के लिए अनिवार्य बताते हुए प्रतिभागियों को अपनी आदतों में स्वच्छता और स्थायी जीवनशैली को शामिल करने की प्रेरणा दी। संस्कृत विभाग ने 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' के तहत "मुख स्वच्छता और सामान्य स्वास्थ्य" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका वार्ष्णेय की अध्यक्षता में डॉ. असदुल्लाह ने बताया कि मुख स्वच्छता का सीधा संबंध सामान्य स्वास्थ्य से है। उन्होंने कहा कि मसूड़ों और दांतों की खराब स्थिति से मधुमेह, हृदय रोग और मुख कैंसर जैसी गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। तंबाकू सेवन, अस्वस्थ खानपान और गंदगी इन बीमारियों के मुख्य कारण हैं। उन्होंने दांतों को प्रतिदिन नाश्ते और रात के खाने के बाद साफ करने, तंबाकू और शराब से दूर रहने तथा फास्ट फूड से बचने की सलाह दी। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने जवां स्थित ग्रामीण स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र (आरएचटीसी) में तीन गतिविधियाँ आयोजित कीं। हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन और हैंडवॉश की व्यवस्था, डस्टबिन वितरण तथा रसोई स्वच्छता पर जागरूकता नाटक। विभागाध्यक्ष प्रो. उज्मा इरम के नेतृत्व और डॉक्टरों, रेजिडेंट्स, एमएसडब्ल्यू पेशेवरों तथा एमबीबीएस विद्यार्थियों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।हाथ धोने की विधि पर लाइव प्रदर्शन के दौरान मरीजों, परिजनों और स्वास्थ्यकर्मियों को बताया गया कि स्वच्छ हाथ डायरिया, फ्लू, टाइफाइड और कोविड–19 जैसी बीमारियों की रोकथाम में सहायक हैं। आरएचटीसी परिसर के प्रमुख स्थानों पर हैंड सैनिटाइजर भी लगाए गए। इसी कड़ी में ओपीडी कक्षों में कूड़ेदान वितरित कर सही कचरा प्रबंधन की शुरुआत की गई। विभाग के रेजिडेंट्स ने रसोई स्वच्छता पर नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें परिवार की सेहत पर साफ–सफाई और सुरक्षित भोजन के लाभ बताए गए। नाटक के बाद डॉक्टरों ने दर्शकों से संवाद कर सही आदतें अपनाने की अपील की, जैसे कि खाने से पहले हाथ धोना, फलों–सब्जियों को धोकर उपयोग करना, भोजन को ढककर रखना, खुले सड़क भोजन से बचना और गीले–सूखे कचरे को अलग करना।"स्वच्छोत्सव" थीम के तहत एएमयू जनसंपर्क कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी उमर पीरजादा, प्रशासनिक ब्लॉक के सहायक रजिस्ट्रार डॉ. शाह मोहम्मद हारिस, देखभालकर्ता व अन्य कर्मचारी मिलकर परिसर की सफाई में शामिल हुए।मिंटो सर्किल (एसटीएस स्कूल) ने भी "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" कार्यक्रम के तहत स्कूल परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया। छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने चारों खेल मैदानों और पूरी इमारत की सफाई की। स्वच्छता और स्वास्थ्य पर नारों से माहौल उत्साहपूर्ण रहा। प्राचार्य फैसल नफीस और उप–प्राचार्य डॉ. मोहम्मद आलमगीर ने विद्यार्थियों को स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी।एबीके हाई स्कूल गर्ल्स में भी श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें छात्राओं ने कक्षाओं, खेल मैदानों और परिसर की सफाई की। पौधे लगाकर हरियाली को बढ़ावा दिया गया और गीले–सूखे कचरे को अलग करने की विधि सीखी। छात्राओं ने पोस्टर और नारे बनाकर जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम का संचालन उप–प्राचार्या डॉ. सबा हसन, डॉ. फरहत परवीन, शाहीन खान और फखरा यासीन ने किया।अब्दुल्ला स्कूल ने "सेवा पर्व" के अंतर्गत 'विकसित भारत' थीम पर सफाई अभियान चलाया। विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने कक्षाओं, गलियारों, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं की सफाई की।अहमदी स्कूल फॉर द विजुअली चौलेंज्ड में लगभग 100 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्राचार्या डॉ. नायला राशिद के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया। प्रयोगशालाओं, छात्रावास, कार्यालय और लॉन की सफाई कर परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाया गया।

## प्रोफेसर सीके दीक्षित ने शीर्ष वैज्ञानिको की सूची में सम्मिलित होकर बढाया लालगंज क्षेत्र का गौरव

लालगंज रायबरेली, संवाददाता। डॉक्टर शकुन्तला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कार्यरत विज्ञान संकाय व इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन डाक्टर सीके दीक्षित ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी व अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिको की सूची मे सम्मिलित किया है। डॉक्टर दीक्षित ने अब तक 200 से अधिक शोधपत्र व 45 से अधिक पुस्तके प्रकाशित की है तथा 30 से अधिक पेटेंट अपने नाम दर्ज कराए हैं। हाल ही मेंरी रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री ने उनके शोध क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हुए उन्हे फेलो रायल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री की उपाधि प्रदान की है।डॉक्टर सीके दीक्षित ने ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है वह मूलतरू लालगंज तहसील क्षेत्र के चिलौला गांव के रहने वाले है।डॉक्टर दीक्षित की इस उपलब्धि पर गणेश कुमार मिश्र जिलाध्यक्ष वित्तविहीन प्रधानाचार्य परिषद, कमलेश कुमार मिश्र प्रबंधक केपीएम इण्टर कालेज, प्रतिभा मिश्रा, अमित यादव, प्रखर सोनी,अनुज कुमार, दीपेंद्र वर्मा,अल्का, मनीषा,नब्या सहित तमाम क्षेत्रवासियो ने हर्ष ब्यक्त किया है।

## शीतला मंदिर में कन्या भोज का हुआ आयोजन

लालगंजरायबरेली, संवाददाता।माता रानी की कृपा से नवरात्रि के शुभ अवसर पर पूरे जगन्नाथ ऐहार के प्रसिद्ध शीतला मंदिर में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। बालिकाओं ने छककर प्रसाद ग्रहणकिया। इस अवसर पर समाजसेवी चंदन त्रिवेदी ने कहा कि नवरात्रि में जहां मां दुर्गा की उपासना का विशेष महत्व है वही बिना कन्या भोज के मां दुर्गा की पूजा अधूरी है। हम सभी को मां दुर्गा की उपासना के साथ–साथ कन्या भोज अवश्य कराना चाहिए। इस अवसर पर छेदीलाल कुशवाहा, गंगासागर , बुधई, विकास मिश्र. गिरधारी कुशवाहा, सुरेंद्र, परसादी लाल, पुतई जी, विनय त्रिवेदी, पवन यादव सहित सैकड़ोश की संख्या में महिलाए बच्चे मौजूद रहे।

## गांधी मार्केट में कूलर गोदाम में लगी आग,फायर ब्रिगेड की टीम ने समय पर पाया काबू

उरई/जालौन,संवाददाता। जालौन के उरई शहर में स्थित गांधी मार्केट की एलआईसी बिल्डिंग के नीचे बने कूलर गोदाम में शुक्रवार सुबह 6 बजे आग लग गई। यह गोदाम तुलसी नगर निवासी पंकज गुप्ता का है। पास की खिलौना होटल का दुकानदार सुबह अपनी दुकान खोलने आया था। उसने गोदाम से धुआं निकलते देखा। दुकानदार ने तुरंत बिजली लाइन कटवाई और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। दुकान मालिक पंकज गुप्ता ने बताया कि गोदाम में बिजली का कनेक्शन नहीं है। इस कारण आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। हादसे में लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।स्थानीय लोगों के अनुसार, समय पर आग का पता चलने से बड़ी दुर्घटना टल गई। अगर देर हो जाती तो आग आसपास की दुकानों तक फैल सकती थी। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## एंबुलेंस–पिकअप में टक्कर,हाईवे पर हुआ हादसा, दोनों ड्राइवर मौके से फरार

उरई/जालौन,संवाददाता। जालौन–औरैया हाईवे पर ग्राम नवासी श्रमदान के पास एक एंबुलेंस और महिंद्रा पिकअप (यूपी 79 एटी2426) में टक्कर हो गई। यह हादसा डिवाइडर पर घनी झाड़ियों के कारण हुआ, जिससे एंबुलेंस चालक यू–टर्न लेते समय सामने से आ रहे वाहन को नहीं देख पाया।

# नगर पालिका, निरीक्षकों रवि शेखर एवं संतोष सिंह के नेतृत्व में महा सफाई अभियान शुरू

रायबरेली, संवाददाता। प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम मे पूरे प्रदेश मे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है. नगर निकाय निदेशालय लखनऊ के आदेश के क्रम मे 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन नगर पालिका परिषद रायबरेली द्वारा किया जा रहा है. आज नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता मित्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करायागया. साथ ही प्रातरू सुरजूपुर मेला मैदान मे श्एक दिन एक घंटा एक साथश थीम पर छब्ब् कैडेट्स, सभासदो, क्षेत्रीय निवासी, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी और नगर पालिका कर्मचारियों की सहयोग से बृहद स्तर पर श्रमदान किया गया एव अपरान्ह मे माननीय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा समस्त सभासदो की उपस्थिति मे श्रमदान करते हुए 156 घंटे के महा सफाई अभियान का शुभारंभ भी किया गया. यह कार्यक्रम म्ब नगर पालिका, नालेज पार्टनर प्ब्ब और स्वास्थ्य विभाग के सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों रवि शेखर एवं संतोष सिंह के सहयोग से सम्पन्न हुआ



# मिशन शक्ति फेस फाइव के तहत विद्यालय में हुई गोष्ठी

लालगंजरायबरेली, संवाददाता।मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत ख्याति प्राप्त महिलाओं द्वारा विद्यालय का भ्रमण एवं बालिकाओं से संवाद की गतिविधि के अंतर्गत शुक्रवार को भारतीय ओलंपियन पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त श्रीमती सुधा सिंह के द्वारा कंपोजिट विद्यालय ऐहार में बालिकाओं को मिशन शक्ति फेस 5 के तहत जागरूक किया गया।भ्रमण के दौरान विद्यालय की बच्चियों द्वारा स्वयं बनाए गए गुलदस्ते से श्रीमती सुधा सिंह का स्वागत किया गया । संवाद के दौरान श्रीमती सुधा सिंह ने बालिकाओं



को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा एक बेहतर खिलाड़ी बनने के रास्ते बताएं ।उन्होंने कहा कि एक बेहतर खिलाड़ी बनने के साथ–साथ एक बेहतर इंसान बनना भी बहुत जरूरी है जिसके लिए सबसे पहले आप अपने माता–पिता और फिर अपने गुरुजनों का सम्मान करें। यही रास्ता आपको आपकी मंजिल तक पहुंच जाएगा । श्रीमती सुधा सिंह ने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों के साथ फोटो भी खिंचाया।

विधिक सलाहकार अमित आनन्द तिवारी ( अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय )
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आरजू खान द्वारा सीता आफसेट, 75 पूराना किला केन्ट रोड हुसैनगंज लखनऊ से मुद्रित कराकर एच 615 मलेसेमऊ गोमतीनगर विस्तार लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक आरजू खान मोबाइल: 09415282000 फोन नं. 0522–2968200 RNI No: UPHIN/2016/67528 Email: statementttodaynews@gmail.com
AgencyChannel: www.statementtodaynews.com
राष्टीय साप्ताहिक समाचार पत्र में प्रकाशित लेखक के विचार व्यक्तिगत हैं किसी भी प्रकार के विवाद के समाधान के लिए न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा। (समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है)

# नवयुग में एआई से कैरियर और पढ़ाई के अवसरों पर चर्चा

लखनऊ,संवाददाता। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ के दर्शनशास्त्र विभाग एवं एनसीसी विंग के संयुक्त तत्वावधान में, आज महेंद्र कौर सोढ़ी स्मृति परिचर्चा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शिक्षा का भविष्य एआई से कैरियर और पढ़ाई के अवसरों पर चर्चा)– विषय पर परिचर्चा एवं महाविद्यालय की उन आठ छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 2024–25 में आयोजित सेमेस्टर परीक्षा में दर्शनशास्त्र विषय में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। परिचर्चा में अतिथि वक्ता के रूप में प्रोफेसर विनोद चंद्र प्राचार्य जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज, लखनऊ तथा प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की तथा संयोजन विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने किया तथा संचालन प्रोफेसर संगीता कोतवाल ने किया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में सेमेस्टर 6 में दो पेपर में 94 प्रतिशत एवं 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने हेतु अंशी गुप्ता, उर्वशी सिंह को दो पेपर में 86 तथा 84 प्रतिशत अंक तथा सेमेस्टर वन में दो पेपर में 75 एवं 76 प्रतिशत अंक अर्जित करने हेतु आराधना प्रत्येक को ध1100 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया, इसके अतिरिक्त सेमेस्टर 6 में 77: अंक प्राप्त करने हेतु आस्था लोधी, सेमेस्टर 1 में 75: अंक अर्जित करने हेतु अनन्या तिवारी, 82: अंक अर्जित करने हेतु सहरीन फातिमा तथा 75: अंक प्राप्त करने के लिए आंचल सोनी प्रत्येक को रुपए 1000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया, एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर पलक गुप्ता को सत्र 2024–25 में शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु रुपए 1000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया, छात्राओं के




साथ ही उनके अभिभावकोंमें प्रतिभा गुप्ता, मिस निधि सिंह,नीलिमा तिवारी, पप्पी, पूनम सोनी, मोहम्मद दिलशाद, कंच तथा सुषमा गुप्ता आदि को भी प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ये विशेष समारोह एवं नगद पुरस्कार मेजर (डॉ.)मनमीत कौर सोढ़ी द्वारा अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती महेंद्र कौर सोढ़ी जी की जन्म दिवस की स्मृति में विगत ग्यारह वर्षों से प्रदान किया जा रहा है। प्रोफेसर विनोद चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि सफलता के दो बिंदु होते हैं,– लगन और बुद्धिमत्ता जो इन दोनों के मध्य संतुलन बनाना जानते हैं वही सफल होते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग वर्तमान में बढ़ता जा रहा है हमें स्वयं ही तय करना होगा कि इसका किस सीमा तक तथा कैसे इस्तेमाल करें। हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि तकनीक का अर्थ ईश्वर प्रदत्त क्षमताओं का प्रयोग ना कर केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर निर्भर होना नहीं है। प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान तकनीकी दौर में सोशल मीडिया के प्रभाव में हर व्यक्ति है और सोशल मीडिया पर जो भी जानकारी दी जाती है वह डेटा के रूप में वह बाजार में बेचा जा रहा है ए उन्होंने सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दोनों के लाभ और हानियां पर विस्तार से चर्चा की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है अर्थात करियर की संभावनाएं बन रही हैं लेकिन फिर भी इसमें चुनौतियां भी कम नहीं है इसलिए आज के युवाओं को स्मार्ट और कुशल बनना होगा। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में सभी सम्मानित होने वाली छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में इसी प्रकार से लक्ष्य केंद्रित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा जन्मदिवस की स्मृति के उपलक्ष में छात्राओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित करने जैसे पुनीत कार्य की प्रशंसा की विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान के तकनीकी दौर में समय के अनुसार नहीं चलने वाले हर क्षेत्र में पीछे रह जाएगा इसलिए तकनीक का समझदारी से प्रयोग करना चाहिए। शिक्षा का भविष्य वही होगा जिसमें तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता का संतुलन रहेगा। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि एक ध्येय निश्चित करके निरंतरता से उस पर बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक मेजर (डॉ.)मनमीत कौर सोढ़ी ने सभी का औपचारिक स्वागत करते हुए विषय प्रवर्तन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विषय अत्यंत प्रासंगिक है, यह एक ऐसी तकनीक है जो मशीनों को मनुष्य की तरह सोचने और निर्णय लेने की क्षमता देती है। यह आज की सबसे प्रभावशाली तकनीक है जो न केवल उद्योग और व्यवसाय बल्कि शिक्षा प्रणाली को भी गहराई से बदल रही है जिससे व्यक्तिगत सीखना संभव हो गया है और भाषा अनुवाद जैसी सुविधाओं ने शिक्षा को और भी सरल और सुलभ बना दिया है। परंतु चुनौतियों को देखते हुए आवश्यकता इस बात की है कि हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शिक्षक का रिप्लेसमेंट नहीं बल्कि सपोर्टिव टूल माने। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर संगीता कोतवाल ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर ऋचा शुक्ला, प्रो. अर्चना सिन्हा, प्रो. सुषमा त्रिवेदी, डॉ नेहा, डॉ सुनीता, डॉ विनीता, डॉ आभा, डॉ गीताली, मिस ऐश्वर्या रायपुर, श्रीमती ललिता पांडे , डॉ चनप्रीत कौर समेत बड़ी संख्या में प्रवक्ताएँ, छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के उद्‌घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## योगी ने 3 लाख 96 हजार से अधिक छात्रों को दी छात्रवृत्ति

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को चार लाख छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2017 के पहले छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो हमने 2016–17 और 17–18 की छात्रवृत्ति एक साथ दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि दरअसल फरवरी–मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितंबर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितंबर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई। पहले जो छात्रवृत्ति फरवरी–मार्च में मिलती थी अब सितंबर में मिला करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतीकात्मक तौर पर कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया। बता दें कि फरवरी–मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितंबर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है।

## कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना भाजपा के जीएसटी गोलमाल का सच

लखनऊ,संवाददाता। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि दिखाने के लिए तैयार माल पर घटाने के साथ ही कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना जीएसटी गोलमाल का सच है। अखिलेश यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी लेकिन वो सामान जिससे बनता है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ा दी। यही है भाजपा के जीएसटी गोलमाल का सच। उन्होने कहा, भाजपा कारोबारियों को संकट में डाल रही है क्योंकि भाजपाई तो सड़कों पर नारे लगाकर, 50 प्रतिशत का भाषण देकर निकल गये। जब जनता बाजार जा रही है और सस्ता माल नहीं पा रही है तो दुकानदारों से झगड़ रही है। भाजपा सुधार नहीं, ग्राहक–दुकानदार के संबंधों को बर्बाद कर रही है। भाजपा किसी की सगी नहीं है। एक अन्य पोस्ट में सपा सुप्रीमो ने रिहायशी इलाकों में वन्य जीवों के बढ़ते हमलों को लेकर कहा कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड यूपी में दहशत का जो वातावरण बना हुआ है, उसके लिए भाजपा सरकार कुछ करेगी या ये कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले हैं। जिन पर हमले हो रहे हैं, क्या उनके घायल शरीर के निशान काफी नहीं हैं या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे हैं। भाजपा अब क्या सीसीटीवी के खिलाफ एफआइआर करायेगी।

## राजधानी में 21 दलों को चुनाव आयोग का नोटिस,निर्वाचन अधिकारी को 6 साल से नहीं दिया खर्च का हिसाब

लखनऊ,संवाददाता। चुनाव खर्च का ब्योरा न देने पर उत्तर प्रदेश में पंजीकृत 21 राजनीतिक दलों पर शिकंजा कस गया है। शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयोग ने इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन दलों ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2021–22, 2022–23 और 2023–24) के वार्षिक खातों का विवरण जमा नहीं किया है। आयोग ने इन्हें 3 अक्टूबर तक जवाब देने का मौका दिया है, वरना उनकी मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। चुनाव आयोग की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ब के प्रावधानों के तहत हर पंजीकृत राजनीतिक दल को निर्धारित समय पर अपना वार्षिक लेखा–जोखा देना अनिवार्य है। आयोग ने पाया कि पिछले छह साल में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाग लेने के बावजूद इन दलों ने निर्धारित अवधि में खर्च का ब्योरा प्रस्तुत नहीं किया। जिन दलों को नोटिस जारी हुआ है, उनमें अखंड राष्ट्रवादी पार्टी, ऑल इंडिया राजीव कांग्रेस पार्टी, एकलव्य समाज पार्टी, किशोर राज पार्टी, लोकदल, लोक गठबंधन पार्टी, मानवतावादी क्रांति दल, मानववादी पार्टी, नागरिक एकता पार्टी, नैतिक पार्टी, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया), राष्ट्रवादी श्रमजीवी दल।

## सीएम योगी ने छात्रों को वितरित की छात्रवृत्ति, बोले- अब बिना किसी भेदभाव के विद्यार्थियों को मिलता है लाभ

लखनऊ,(एजेंसी)। फरवरी–मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितंबर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार लाख छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के चार लाख छात्र–छात्राओं को दिवाली गिफ्ट देते हुए छात्रवृत्ति वितरित की। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितंबर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई।

